दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 116 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष एकादशी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# भारत सेमीफाइनल से एक जीत दूर : जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, अभिषेक-पंड्या ने फिफ्टी लगाई; साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 पहली जीत हासिल की है।

टीम इंडिया ने गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसी के साथ सुपर-8 ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गई है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## अभिषेक-पंड्या की फिफ्टी, तिलक ने नाबाद 44 बनाए

भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा (55 रन) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 50) फिफ्टी बनाई। वहीं, तिलक वर्मा ने नाबाद 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, तिनोतेंदा मपोसा और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट लिए।

## ब्रायन बेनेट 3 रन से शतक चूके

257 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे की शुरुआत धीमी रही। उसके बाद टीम ने मिडिल ओवर्स के फेज में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लेकिन, ओपनर ब्रायन बेनेट ने एक छोर संभाले रहा। उन्होंने नाबाद 97 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

## अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके

भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उनके अलावा, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला।

# करप्शन इन यूडीशियरी वाली एनसीईआरटी किताब पर सुप्रीम कोर्ट का बैन



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। एनसीईआरटी पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विवादित चैप्टर को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उसका अपमान करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। बुधवार को सीजेआई की फटकार के बाद एनसीईआरटी ने इस मामले में माफी मांग ली थी।

# एफटीए से भारत के निर्यात और उद्योग को मिलेगा नया बाजार : पीयूष गोयल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने 38 देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पूरे किए हैं, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिकता के साथ पहुंच मिली है। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिलेंगे।

## वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ाव पर जोर

गोयल ने कहा कि इन समझौतों से भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से बेहतर तरीके से जुड़ेगा और प्रतिभाओं की आवाजाही भी बढ़ेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'आत्मनिर्भर भारत' का अर्थ वैश्विक जुड़ाव के साथ मजबूत, भरोसेमंद और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं तैयार करना है।

## एमएसएमई और युवाओं से बड़ी उम्मीद

उन्होंने उद्यमियों और उद्योग जगत के नेताओं से अपील की कि वे वैश्विक अवसरों को देश भर के एमएसएमई, किसानों, निर्यातकों और मछुआरों तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा भारत 'अमृत काल' के दौरान देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुंबई में आयोजित 'ईवाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स' के 27वें संस्करण में मुख्य भाषण देते हुए गोयल ने कहा कि भारत की विकास यात्रा लगातार आगे बढ़ रही है, जिसे देश के उद्यमी और युवा शक्ति गति दे रहे हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# इजराइल में भारतीय यूपीआई चलेगा, मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता

## मोदी बोले- जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल दौरे का आखिरी दिन हैं। मोदी दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकॉस्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है। वहीं, पीएम मोदी ने इजराइली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया।

फिर पीएम मोदी और इजराइली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा।

मोदी बुधवार को इजराइल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

### भारत-इजराइल में एफटीए पर बातचीत का पहला दौर पूरा

भारत और इजराइल के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत का पहला दौर पूरा हो गया है। यह 23 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ था और यह 26 फरवरी 2026 तक चला।

नवंबर 2025 में दोनों देशों ने टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर साइन किए थे, जिससे यह तय हुआ कि किन मुद्दों पर बातचीत होगी और कैसे आगे बढ़ा जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल सामान का व्यापार 3 .62 अरब अमेरिकी डॉलर यानी करीब 31 हजार करोड़ रुपए रहा।

दोनों देश कई क्षेत्रों में एक-दूसरे के लिए फायदेमंद हैं। यह एफटीए दोनों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद करेगा और कारोबारियों, खासकर छोटे और मध्यम उद्योगों को ज्यादा भरोसा और स्थिरता देगा। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के एक्सपर्ट्स अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। इनमें गुड्स एंड सर्विसेज का व्यापार, रूल्स ऑफ ओरिजन, हेल्थ और पौधों से जुड़े नियम, व्यापार में आने वाली तकनीकी रुकावटें, कस्टम प्रोसेस, व्यापार को आसान बनाने के उपाय और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स जैसे मुद्दे शामिल हैं।

### हिटलर के शासन में मारे गए यहूदियों की याद में बना 'यद वाशेम' स्मारक

याद वाशेम होलोकॉस्ट के दौरान मारे गए लाखों यहूदियों की याद में बनाया गया है। यह स्मारक इजराइल की राजधानी यरुशलम में स्थित है और हर साल दुनिया भर से लोग यहां आकर इतिहास को समझते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के तानाशाह एडॉल्फ हिटलर ने लगभग 60 लाख यहूदियों की हत्या कर दी थी। इस नरसंहार को होलोकॉस्ट कहा जाता है। इजराइल की संसद नेसेट ने साल 1953 में फैसला किया कि होलोकॉस्ट में मारे गए लोगों की याद में एक खास स्मारक बनाया जाए।



### पीएम मोदी के संबोधन की 7 बड़ी बातें...

- इजराइल में स्वागत पर- मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजराइली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजराइल दोस्ती को समर्पित किया।
- भारत-इजराइल रिश्ते और मजबूत होंगे- दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है।
- व्यापार और टेक्नोलॉजी में सहयोग- दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजराइल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है।
- रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जॉइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी।
- किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजराइल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए विलेज ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा।
- लोगों और युवाओं को जोड़ने पर जोर- भारतीय कामगारों ने इजराइल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कॉमर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजराइल अकादमिक फोरम बनेगा।
- वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई22 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारत और इजराइल का साफ संदेश है, दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं। पश्चिम एशिया में शांति भारत के लिए भी जरूरी है।



### नेतन्याहू ने पीएम मोदी के दौरे को बहुत फायदेमंद और दिल को छूने वाला बताया

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ दो दिवसीय दौरे के आखिरी दिन द्विपक्षीय बैठक की और कई समझौतों पर मुहर लगाई। पीएम नेतन्याहू ने बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य नई तकनीक का है। नई तकनीक को लेकर नेतन्याहू ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीक और एआई की मदद से हर छात्र तक आसानी से पहुंचा जा सकता है और उसे उसकी पूरी क्षमता तक आगे बढ़ने का मौका दिया जा सकता है। पहले जो परेशानियां और सीमाएं थीं, अब वे नहीं रहीं। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य उन्हीं देशों का है जो नई सोच और नए कार्य करने में सक्षम हैं। इजरायल और भारत दोनों ही नए विचार और तकनीक पर जोर दे रहे हैं। दोनों देश बहुत पुरानी और महान सभ्यताएं हैं, जिन्हें अपने इतिहास पर गर्व है, लेकिन वे भविष्य को बेहतर बनाने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इजरायल मिलकर यह काम और बेहतर तरीके से कर सकते हैं।अपने संबोधन की शुरुआत इजरायली बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी के दिल छूने वाले अंदाज को बयां कर की। उन्होंने कहा, यह एक शानदार दौरा है, एक शानदार विजिट का शानदार अंत।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर हमला किया दावा- बॉर्डर के पास 15 चौकियों पर कब्जा


## पाक ने 4 दिन पहले एयरस्ट्राइक की थी

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर गुरुवार देर रात हमला कर दिया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि यह पाकिस्तान के हवाई हमलों का जवाब है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सेना की 15 चौकियों पर कब्जा कर लिया है।

सूत्रों ने बताया कि नंगरहार, नूरिस्तान, कुनार, खोस्त, पक्तिया और पक्तिका जैसे बॉर्डर इलाकों में दोनों पक्षों में संघर्ष जारी है। ये चौकियां नंगरहार के गोश्ता जिले और कुनार प्रांत में डूरंड लाइन के पास स्थित है। हालांकि अभी तक इससे जुड़े फोटो और वीडियो सामने नहीं आए हैं

पाकिस्तान ने 22 फरवरी को अफगानिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले किए थे। उसका कहना था कि ये हमले पाकिस्तानी तालिबान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े ठिकानों पर किए गए हैं।पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया था कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी और जरूरत पड़ने पर आगे भी ऐसे ऑपरेशन किए जाएंगे। इससे पहले रविवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था।



### तालिबान ने कहा था वक्त आने पर कड़ा जवाब देंगे

अफगानिस्तान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की थी। तालिबान का कहना था कि हमलों में आम नागरिकों को निशाना बनाया गया। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, नंगरहार में एक घर पर हमले के बाद एक ही परिवार के 23 लोग मलबे में दब गए थे। वहीं, अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को सही समय पर कड़ा जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहे हैं, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

### पाकिस्तानी शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट हुआ था

पाकिस्तान ने सोमवार को जब अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी, इससे कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं।



## साँवरिया सेठ के दरबार में सहस्त्रबाहु नारी शक्ति की फाग उत्सव की धूम

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर**। मेवाड़ के सुप्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री साँवरिया सेठ मंदिर में सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन द्वारा आयोजित 'फाग उत्सव' ने भक्ति की नई ऊंचाइयां छुईं ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच कलाल समाज सहस्त्रबाहु नारी शक्ति की महिलाओं ने मंदिर परिसर में ऐसी धूम मचाई कि हर कोई भावविभोर हो गया। अध्यक्ष कल्पना पूर्बिया ने बताया कि श्रद्धा भाव से पोशाक,फूलो व नोटों की माला, चॉकलेट, फल और फूलों की टोकरियाँ के साथ प्रभु को प्रिय मिश्री-मावा अर्पित किया गया। साथ ही, सभी की ओर से शुद्ध भोजन का भोग भी लगाया गया। जिसे पाकर सखिया निहाल हो गई।

ढोल-नगाड़ों के साथ संगठन की महिलाएं नाचती-गाती मंदिर पहुँचीं। सारी महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था ,पूरे मंदिर परिसर में 'साँवरिया सेठ' के जयकारों और फाग के गीतों की धूम मची रही। कलाल समाज की महिलाओं ने अपनी पारंपरिक फाग पोशाक के साथ इस उत्सव को और भी भव्य बना दिया।

**आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम**-अध्यक्ष कल्पना पुर्बिया बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को एकजुट करना और अपनी सांस्कृती व भक्ति सहेजना व जीवित रखना है। फाग उत्सव की आयोजक रही। कल्पना पुर्बिया, कंचन टांक, गायत्री पुर्बिया, धारावती सुहालका, दुर्गा टांक, तारा पुर्बिया, हेमा चौधरी ने उत्सव को उत्साह एवं उमंग के रंगों से इन क्षणों को सरोबार किया। राधा कृष्ण संबंधित अनेक प्रतियोगिताएं रखी गई। जिसमें किरण सुहालका, मीना सुहालका, जय श्री पटेल, कृष्णा सुहालका, सीमा पूर्बिया, अंजलि टॉक, संगीता चौधरी प्रीति टाक विजेता रही।

## महिला अधिकारों पर दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही**। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शहर में संचालित कार्यस्थल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लीगल काउंसलर खुशबू रावल एवं माधवी चौहान ने विभागीय योजनाओं व कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रावधानों, लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम तथा महिला अधिकारों पर जानकारी दी। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया।

## आज रहेगा साढ़े चार घंटे का पॉवर कट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी**। शुक्रवार को राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के 132 केवी जीएसएस खानपुर गुर्जर पर मेन बेस के रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के आधा दर्जन 33 केवी जीएसएस फीडरों की विद्युत सप्लाई साढे चार घंटे बंद रहेगी। डिस्काम के इस शंट डाउन को लेकर 132 केवी जीएसएस स्टेशन के सहायक इंजीनियर आरएस मीणा में यह जानकारी दी है। 132 केवी जीएसएस स्टेशन के एईएन आरएस मीणा द्वारा जारी सूचना के अनुसार शुक्रवार को दिन में 2 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक 132 केवी जीएसएस के स्टेशन के मेन बेस का रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिसके चलते स्टेशन से निकलने वाले 33 केवी फीडर बाड़ी सिटी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के फीडर मत्सुरा,रामसागर,कंचनपुर,सेवर पाली और बीजौली के नेवोसेंस की विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। ऐसे में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को करीब साढे चार घंटे बिजलीं नही मिल पाएगी।

## होली पर हुड़दंग नहीं, सुरक्षित उत्सव का संदेश

### सीआई भजनाराम की सख्ती और सजगता से प्रागपुरा पुलिस अलर्ट

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)**। रंगों के त्योहार होली को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रागपुरा थाना पुलिस ने इस बार कुछ हटकर तैयारी की है। थाना प्रभारी सीआई भजनाराम के नेतृत्व में पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि होली की आड़ में शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग मचाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीआई भजनाराम ने बताया कि पिछले वर्षो के अनुभवों से सबक लेते हुए इस बार विशेष निगरानी और अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया जाएगा। अक्सर देखा गया है कि होली मिलन समारोह या पार्टियों से लौटते समय कुछ लोग नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। कई बार ऐसे चालक पहले अन्य वाहनों को टक्कर मारते हैं और फिर विवाद पर उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि "नशे में वाहन चलाना केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालना है। ऐसे लोगों का 'नशा' कानून के जरिए ही उतारा जाएगा।" मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान, वाहन जब्ती, लाइसेंस निलंबन और सजा का प्रावधान है। होली के दौरान विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सीआई भजनाराम ने यह भी स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्व यदि होली की आड़ में हुड़दंग मचाने की कोशिश करेंगे तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है।

## जन जागरूकता के लिए निकाली ट्रैक्टर रैली

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही**। भाजपा की ओर से ट्रैक्टर रैली निकाल कर वीबीजी राम जी योजना को लेकर जागरूकता जगाई गई। रैली सनवाड़ा से सिरोड़ी तक निकाली गई। इसमें कालन्द्री, कृष्णगंज व अनादरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने योजना पर जानकारी देते हुए कहा कि अब कच्चे कार्यों के बजाय पक्के निर्माण कार्य किए जाएंगे। रोजगार के दिनों की अवधि भी एक सौ से बढ़ाकर 125 दिन रहेगी, जिससे अधिक आर्थिक संबल मिलेगा। जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने भी विचार व्यक्त किए। योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर निकाली रैली में जोधपुर से आए राजेंद्र गहलोत, कार्यक्रम संयोजक मदनसिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी ट्रैक्टर चलाया।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# लंबित कार्यों को पूरा कर जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए-कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)**। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने उन योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिनका कार्य पूर्ण हो चुका है, किन्तु जलापूर्ति प्रारंभ होना शेष है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी योजनाओं को शीघ्र ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर जलापूर्ति का संचालन स्थानीय स्तर पर सुचारू रूप से हो सके और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कार्य धीमी गति से प्रगति पर है, वहां संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कार्य में तेजी लाई जाए। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बनाए रखने और सभी जल स्त्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए गए।

जिला कलक्टर ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों में संचालित पेयजल टंकियों की सफाई तथा जल गुणवत्ता परीक्षण समय-समय पर करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। स्वीकृत योजनाओं की कार्य गति तेज कर अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। पाइपलाइन बिछाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत भी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजकिरण यादव, पीएचईडी खंड धौलपुर-बाड़ी के अधिशाषी अभियंता, सभी उपखंडों के सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन वर्ष से फरार चल रहा इनामी बदमाश गिरफ़्तार

बढ़ता राजस्थान

- नाबालिग बालिका को भी किया दस्तयाव

**बाड़ी (राजू शर्मा)**। शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 साल से फरार चल रहे ठगी और धोखाधड़ी के एक आरोपी को तुलसीवन रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। जो थाने के टॉप टेन अपराधियों में शामिल है। ऐसे में आरोपी से थाने पर दर्ज मामले को लेकर कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस मुखबिर तंत्र का भी सहयोग ले रही है। कोतवाली थाने पर 18 मार्च 2023 को पीड़ित दुर्गसिंह पुत्र रामसिंह कुशवाहा ने उसके साथ हुई धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का एक मामला दर्ज कराया था। जिसमें बाइक और स्कूटी उसके नाम पर फर्जी तरीके से खरीदी गई। आरोपी दीपक सोनी पुत्र संतोष सोनी निवासी उमरेह का बताया गया। जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। बुधवार की शाम जरिए मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी को तुलसी वन रोड पर देखा गया है। ऐसे में एसआई हरवीर सिंह, एएसआई जंडेल सिंह, शीशराम कांस्टेबल वेदराम, राजेंद्र, सुबे, सतीश, महिला कॉन्स्टेबल अर्चना की टीम ने कार्रवाई की और आरोपी दीपक सोनी को तुलसी वन रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाने पर दर्ज मामले में धारा 420, 467, 468,471,419 और 120 बी में पूछताछ की जा रही है।

वही दूसरी कार्रवाई में पुलिस टीम ने शहर के एक मोहल्ले से गायब हुई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को उसके पिता की तहरीर पर तलाश करते हुए दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। दस्तयाब हुई बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## होली मेले में सजा हर्बल गुलाल

बढ़ता राजस्थान

सिरोही। राजीविका वन धन विकास केंद्रों की ओर से निर्मित हर्बल गुलाल की स्टॉल सचिवालय में चल रहे होली मेले में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से पलाश, गुलाब, चुकंदर, हल्दी आदि से तैयार हर्बल गुलाल प्राकृतिक एवं केमिकल फ्री है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है। इस पहल से जहां ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आजीविका का अवसर मिल रहा है, वहीं स्थानीय वन उत्पादों को बाजार उपलब्ध हो रहा है।

## पावटा में आवारा स्वान का आतंकः दो दर्जन से अधिक लोग घायल, तीन गंभीर जयपुर रेफर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)**। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में गुरुवार को भूरे रंग के एक आवारा स्वान ने अचानक आक्रामक रूप धारण कर मुख्य बाजार सहित विभिन्न वार्डों में दहशत फैला दी। पावटा के सुभाष चौक, प्रभात कॉलोनी, सीनियर स्कूल के पास, नाइयों के मोहल्ले समेत कई स्थानों पर राह चलते लोगों पर हमला कर करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वान अचानक लोगों पर झपट्टा मारकर काट रहा था, जिससे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों में 65 वर्षीय कृष्णा देवी, 60 वर्षीय घीसी देवी मीणा, 45 वर्षीय राजेश सैनी (कोटपूतली), 16 वर्षीय कोमल वर्मा (ढाणी गैसकान), अनिल यादव (20), श्याम महाजन (38), सुरेश यादव (46, द्वारिकपुरा), ग्यारसी लाल स्वामी (46, भांकरी), सारा देवी बंजारा (40, थानागाजी), विकास राजपूत (40), विकास रेगर (25, बड़नगर), 72 वर्षीय शांति देवी मीणा तथा 18 वर्षीय नवीन स्वामी (मंढ़ा) सहित अन्य लोग शामिल हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में घायल राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। गंभीर रूप से घायल घीसी देवी मीणा, विकास राजपूत एवं शांति देवी मीणा को बेहतर उपचार के लिए जयपुर एसएमएस रेफर किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट देवांश सिंह ने नगर क्षेत्र में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या पर चिंता जताते हुए नगरपालिका से स्थायी समाधान की मांग की। वहीं प्रागपुरा के जितेन्द्र यादव ने विशेष अभियान चलाकर आक्रामक पशुओं को पकड़ने एवं नियमित निगरानी व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता बताई। उधर दोपहर बाद आडा गैला भांकरी रोड, कल्याणपुरा के पास नदी क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक भूरे रंग के स्वान की मृत्यु होने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों का मानना है कि संभवतः वही स्वान था जिसने दिनभर दहशत फैलाई। फिलहाल प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है और आमजन ने नगरपालिका से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## कोटडी ब्लॉक में प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान की गूंज

### नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना, जागरूक दुकानदारों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटडी (नि.स.)**। 16 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक मदन दिलावर, मंत्री, पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संपूर्ण राजस्थान में 'प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोटडी ब्लॉक में प्रशासन द्वारा सघन एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए जन-जागरूकता और प्रवर्तन दोनों स्तरों पर ठोस कदम उठाए गए।

कोटडी कस्बे में उपखंड अधिकारी मेघा आनंद, द्वस् एवं खंड विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मुख्य बाजार, सब्जी मंडी एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। पूर्व में चेतावनी दिए जाने के बावजूद सिंगल यूज़ प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करते पाए गए विभिन्न दुकानदारों पर कुल 750 का जुर्माना लगाया गया।

इस कार्रवाई से व्यापारियों में स्पष्ट संदेश गया कि पर्यावरण संरक्षण के नियमों की अनदेखी अब स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अभियान की अवधि में नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सकारात्मक पहल करते हुए उन दुकानदारों की सार्वजनिक सराहना की जो कपड़े के थैले एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे व्यापारियों को अन्य दुकानदारों के लिए प्रेरणा बताया गया। आमजन से भी अपील की गई कि वे खरीदारी करते समय स्वयं कपड़े या जूट का थैला लेकर आएं। खंड विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने कहा कि 'प्लास्टिक मुक्त समाज केवल दंड से नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प और व्यवहार परिवर्तन से बनेगा।

कोटडी स्थित श्याम मंदिर की पाल पर स्वच्छ भारत मिशन एवं प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के अंतर्गत विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मेघा आनंद, विकास अधिकारी रामबिलास मीणा, ग्राम विकास अधिकारी भेरूलाल गुर्जर सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डीग के जलमहलों में फव्वारों से निकली सतरंगी छटा को देख दर्शक हुए भाव विभोर

### बृज होली महोत्सव-2026 पर सतरंगी फव्वारों और पारंपरिक खेलकूद से सराबोर हुआ बृज अंचल

बढ़ता राजस्थान

**डीग**। पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में डीग में आयोजित बृज होली महोत्सव-2026 के अवसर पर गुरुवार की शाम विश्व प्रसिद्ध जल महलों में रंगीन फब्बारों का प्रदर्शन किया गया जिसके रंगीन अद्भुत नजारे को देखकर हजारों दर्शक हर्ष विभोर हो गए।

जैसे ही सैकड़ो फब्बारों से निकल कर रंगीन जलधाराएं अठखेलियां करने लगी उपस्थित हजारों दर्शक मंत्र मुग्ध होकर इस इंद्रधनुष धनुषी नजारे को अपलक निहारने लगे,वहीं कई नवयुवक और नवयुवतियां सेल्फी लेते नजर आए तो बड़ी संख्या में दर्शक इसे अपने मोबाइल और कैमरों में कैद करते दिखे। शहर और आसपास के कस्बों से आए लोगों ने इस सतरंगी छटा का जम कर लुफ्त उठाया।

इससे पूर्व प्रातःकाल मेला मैदान और डीग महल परिसर में विभिन्न ग्रामीण खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें अंचल की प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मटका दौड़ प्रतियोगिता में अस्तावन की प्रिया ने प्रथम तथा लक्ष्मी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, नींबू दौड़ में वर्षा प्रथम एवं कीर्ती द्वितीय स्थान पर रहीं। बोरी दौड़ में श्रीराम स्कूल की सुहाना ने बाजी मारी। रस्सा-कस्सी के महिला वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अऊ ने प्रथम तथा एकता कोचिंग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष वर्ग में एमजेएफ डीग विजेता रही। कबड्डी (पुरुष वर्ग) में राउमावि अऊ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया।




चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में झलक पण्डित एवं जूनियर वर्ग में प्रशान्त सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बांकेबिहारी की प्रिया सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में निरुपमा शर्मा तथा जूनियर वर्ग में गौरी गोयल विजेता रहीं। महोत्सव की एक अनूठी सांस्कृतिक स्पर्धा मूंछ प्रतियोगिता दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही, जिसके सीनियर वर्ग में पुष्पेन्द्र कौरेर ने प्रथम एवं छोटे लाल सैनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में दुर्गेश फौजदार विजेता रहे।

बृज होली महोत्सव का शुभारंभ जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने एक गुब्बारे छोड़कर किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर भरतपुर कमर बी डी ए के आयुक्त कनिष्क कटारिया, एडीएम राजकुमार कस्बा जिला परिषद भरतपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह सहित बड़ी संख्या में देसी विदेशी पर्यटकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भक्तों की सेवा में मिल रहा बाबा श्याम की सेवा का अनुभव

बढ़ता राजस्थान




**रींगस (नि.स.)।** बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सेवा में जगह जगह सेवादार भंडारे व चिकित्सा शिविर लगाकर चौबीसों घंटे सेवा कर रहे हैं। श्याम भक्तों की सेवा के लिए मेले में नॉवन्ता मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से भी चिकित्सा शिविर लगाया गया है। अस्पताल की मेडिकल टीम ने हजारों भक्तों की सेवा करके भक्तो का मन जीत रही है। मेडिकल टीम दवा वितरण के साथ-साथ दूर दराज से पैदल चलकर आने वाले भक्तों की मरहम पट्टी व दर्द से राहत के लिए मसाज कर रहे हैं। मेडिकल टीम ने बताया कि भक्तों की सेवा करने में उन्हें बाबा श्याम की सेवा करने का अनुभव हो रहा है। गुरुवार को टीम के प्रभारी डॉ. आदित्य, अरुण, देवेंद्र, अन्नू के निर्देशन में सभी मेडिकल टीम पूरे मनोयोग से से सेवा कार्य में जुटी रही।

## तेलंगाना में 'मानव अधिकार' की लहर! हजारों ने थामा संगठन का दामन, सदस्यता अभियान बना ऐतिहासिक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/तेलंगाना (बाबू अंसारी)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन ने तेलंगाना में सदस्यता अभियान के जरिए जबरदस्त सफलता हासिल कर नया इतिहास रच दिया है। डॉ. नीरज सिंह और महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष चमन कंवर के कुशल नेतृत्व में चले इस अभियान में हजारों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर मानव अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना और पीड़ित-शोषित वर्गों की सेवा का संकल्प लिया।संगठन की इस बड़ी उपलब्धि के पीछे समर्पित टीम की अथक मेहनत रही। खास तौर पर महेश गौड ने तेलंगाना में मजबूत और सक्रिय टीम तैयार कर जमीनी स्तर पर संगठन को नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में गठित टीम आज जरूरतमंदों की सहायता और अधिकारों की लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में खड़ी है। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में अरुण, अनीश और फातिमा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी ने संगठन की विचारधारा को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने में सक्रिय योगदान दिया। डॉ. नीरज सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि समाज में न्याय और मानवता की स्थापना है। वहीं चमन कंवर ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि तेलंगाना की जनता का विश्वास ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। यह व्यापक सदस्यता अभियान संगठन की बढ़ती लोकप्रियता और जनसमर्थन का प्रतीक बनकर उभरा है। जानकारों का मानना है कि यह पहल आने वाले समय में सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव साबित हो सकती है।

## बाबा श्याम मेला चरम पर

- आज निकलेंगे बाबा नगर भ्रमण पर
- ड्राई फ्रूट से सजेगी बाबा की प्रतिमा

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह जाट)।** बाबा श्याम के वार्षिक फागुनी मेले में गुरुवार को सेलाब उमड पड़ा। श्याम भक्त रींगस के प्राचीन श्याम मंदिर में सुबह से ही पहुंचने लगे। भक्तो की भीड इतनी थी कि की दर्शनों के लिए राजा पार्क तक लाइनों में लगे रहे। हजारों लोगों ने दरबार में बाबा के समक्ष नंगे पांव पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाई। शहर में श्याम भक्तों के स्वागत के लिए पग पग पर भंडारे लगाए गए जिसमें श्याम भक्तों ने व्यंजनों का जमकर लुफ्त उठाया। पैदल आए सभी शाम भक्तों की थकान जैसे ही बाबा के दर्शन किए छूमंतर हो गई। भक्तों की व्यवस्था संभालने में लगे स्वयंसेवक व्यवस्था संभालने में पसीने पसीने हो गए। वही श्याम भक्तों का जोश देखने लायक था इस दौरान भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए बाबा का दीदार किया। व्यवस्था में लगे मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि आज शुक्रवार को एकादशी पर बाबा की प्रतिमा का बैंगलोर से आई स्पेशल ड्राई फ्रूट माला से किया जाएगा। आज सुबह भेरुजी मोड़ स्थित तोरण द्वार से अब तक की सबसे विशाल श्याम निशान यात्रा निकल जाएगी। शाम को 4:15 बजे बेंड बाजो के साथ तीन बाण धारी नगर भ्रमण को निकलेंगे। जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित होंगे।

**शिवदासपुरा पुलिस थाने का बड़ा मामला**

# रिसर्च डवलपमेंट सोसायटी में फर्जी किरायानामा

### 4 लाख की ठगी—एफआईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में स्थित रिसर्च डवलपमेंट सोसायटी से जुड़ा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामला सोसायटी की भूमि पर फर्जी किरायानामा तैयार कर करीब 4 लाख रुपये की ठगी करने का है। गंभीर आरोपों और दो-दो परिवाद/एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अरुण कुसुंबीवाल ने खुद को सोसायटी का सचिव बताकर जाली मोहर और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। आरोप है कि फर्जी किरायानामा बनाकर संबंधित भूखंड को किराए पर दिया गया और अवैध रूप से लगभग चार लाख रुपये वसूल लिए गए। जांच के दौरान जाली सील-मोहर और फर्जी दस्तावेजों का खुलासा हुआ, जिससे पूरे प्रकरण में अमानत में खयानत की साजिश भी उजागर होने की बात सामने आई है।

पीड़ित पक्ष द्वारा दिनांक 22/08/2025 को प्रथम परिवाद संख्या 278780592501250 दर्ज कराया गया। इसके बाद 22/11/2025 को द्वितीय एफआईआर नंबर 0892/2025 भी दर्ज की गई। लेकिन दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई, गिरफ्तारी या कानूनी प्रगति सामने नहीं आई है।

स्थानीय लोगों और सोसायटी सदस्यों का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। सवाल उठ रहा है कि आखिरकार पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? क्या अधिकारियों की मिलीभगत से मामला दबाया जा रहा है या फिर पैसों के लेन-देन के कारण जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है?

सोसायटी के पदाधिकारियों ने मामले में निष्पक्ष जांच, आरोपी की गिरफ्तारी और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## भीलवाड़ा से जयपुर डोडा पोस्त सप्लाई करने आए तस्कर को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) पूर्व ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा से जयपुर में डोडा पोस्त सप्लाई करने आए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27 किलो 818 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है । फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए डोडा पोस्त सप्लाई करने आए गिरफ्तार आरोपी श्रवण कुमार (19) निवासी जोजवा (भीलवाड़ा) है ।

## सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद आयुक्त को सौंपा 09 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस नगर शाखा कोटपूतली की बैठक गुरूवार को लालचन्द वाल्मिकी की अध्यक्षता में राजमार्ग स्थित डाक बंगला प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सफाई आयोग चैयरमैन किशनलाल जैदीया व प्रदेश मंत्री अनिल दामौनीया, पूर्व पार्षद ताराचन्द वाल्मिकी, प्रवीण कुमार वाल्मिकी, मनोज, संजय, गोपाल, अनिल, अमरनाथ, विनोद, रोहिताश आदि मौजूद रहें।

क्या हैं 09 सूत्रीय मांगे :- सफाई कर्मचारियों ने 09 सूत्रीय मांगों में काफी वर्षो से कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारी को सिनियरटी के आधार पर पदौन्नति, स्थाई सफाई कर्मचारियों को 09, 18 व 27 का शीघ्र लाभ देने, सेवानिवृत्ति सफाई कर्मचारियों का बकाया शेष भुगतान करने, नगर निगम/परिषद में घृणित कार्य करने की वजह से कई प्रकार की बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों एवं मैन सड़कां पर कार्य करते समय वाहन दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त कर्मचारी तथा सीवर के मैन हॉल में कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त या मृत्यु हो जाने पर कम्पलसरी बीमा योजना लागू कर मृत्युपरान्त 50 लाख की राशि स्वीकृत करने, दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारियों जिन्होंने 240 दिन की हाजरी पुरी कर ली है, उन्हें स्थाई करने, कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को राज्य सरकार द्वारा तय वेतन दिया जाने, ठेका सफाई श्रमिको से निर्धारित समय से अलग कार्य करवाया जाता है जिसका अलग से हार्ड ड्यूटी भत्ता दिया जाने, राज्य सरकार के नियमानुसार ठेका सफाई श्रमिकां को मानवता के आधार पर साप्ताहिक अवकाश दिया जाने, ठेका सफाई श्रमिकों को समय-समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान हेतु हर माह की 07 तारीख से पहले माह वार भुगतान करवाया जावें तथा भुगतान में पीएफ ईएसआई 04 वर्ष से नहीं मिल रहा है, जिसका भुगतान शीघ्र करवाने की मांग की गई हैं।

## ऑटो में सवारी बनकर पर्स व जेवरात चोरी करने वाली गुजराती गैंग चढी पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा में सवारियों के पर्स व जेवरात चोरी करने वाली एक शातिर गुजराती गैंग का पर्दाफाश किया है । पुलिस ने गैंग की तीन महिलाओं सहित चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है । ये बदमाश सवारी बनकर ऑटो में बैठते थे और नजर बचाकर कीमती सामान पार कर देते थे । फिलहाल पुलिस आरोपित गैंग से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि परिवादी रामनिवास सोनी ने मामला दर्ज कराया था कि वह दूध मंडी से चांदपोल जाने के लिए ऑटो में बैठा था । उसके पास एक थैले में करीब 90 ग्राम सोने के जेवरात (एक हार और दो टॉप्स) थे । रास्ते में ऑटो में साड़ियां और सलवार सूट पहनी 4-5 महिलाएं बैठीं । जब वह हनुमान मंदिर के पास उतरा और थैला चेक किया तो अंदर रखी गहनों की थैली गायब थी।

जिस पर एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह शेखावत और एसीपी राजेंद्र कुमार मीणा के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश गौतम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई । पुलिस ने तकनीकी मदद और करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने गैंग को लुनियावास इलाके से अंजना उर्फ पंखुड़ी (25) निवासी भावनगर गुजरात (हाल लुनियावास),अल्पा बेन सोलंकी उर्फ अल्पी (27) निवासी भावनगर गुजरात,शारदा उर्फ पूजा (26) निवासी भावनगर गुजरात और कांग्या अर्जुन विनोद (29) निवासी भावनगर,गुजरात (गैंग का मददगार) को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ये महिलाएं ऑटो में सवारी बनकर बैठती थीं। गिरोह के सदस्य सवारी को बातों में उलझाकर भ्रमित कर देते थे।

## यूजीसी के समर्थन में जयपुर में शक्ति प्रदर्शन

- भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी का कूच
- मुख्यमंत्री घेराव के दौरान पुलिस से झड़प

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूजीसी) को लेकर जारी घमासान के बीच गुरुवार को राजधानी के शहीद स्मारक पर समर्थन में बड़ा प्रदर्शन हुआ। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के नेतृत्व में एससी,एसटी और ओबीसी समाज के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी के पक्ष में हुंकार भरी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका।

शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जब भीड़ ने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस के साथ उनकी हल्की झड़प भी हुई। कुछ उत्साहित कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़कर संगठन का झंडा लहराने लगे। जिन्हें पुलिस ने मशक्कत कर नीचे उतारा। भामाशाह चेतराम बैरवा के नेतृत्व में हुए इस महा-आंदोलन में वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा सामाजिक व्यवस्था में दलित, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के साथ भेदभाव हो रहा है। बैरवा ने आरोप लगाया कि मनुवादी सोच के कुछ लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं। जबकि यह कानून वंचितों के अधिकारों की रक्षा करेगा।

कोर्ट के निर्देशों के बाद सरकार यह बिल लाई थी, लेकिन विरोध के कारण इस पर रोक लग गई। सुप्रीम कोर्ट और सरकार को जल्द ही यूजीसी लागू करने पर सकारात्मक फैसला लेना चाहिए। शाम को भीम सेना के कार्यकर्ताओं ने भी पुरजोर समर्थन किया। संगठन के नेताओं ने कहा कि यूजीसी लागू होने से समाज में समानता आएगी। उन्होंने स्वर्ण जाति समाज से अपील की कि वे व्यवस्था सुधार के लिए बड़ा दिल दिखाएं और सहयोग करें।

## अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन आग (आग) के तहत सीएसटी और ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि सीएसटी टीम द्वारा अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ आसूचना संकलन किया जा रहा था। इस दौरान पुख्ता जानकारी मिली कि ब्रह्मपुरी इलाके में नगर निगम कॉलोनी पार्क के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोपाल गुप्ता (35) निवासी तिलक नगर (आदर्श नगर) के रूप में हुई है।

## जयपुर में RTE आवेदन से पहले लगा विशेष दस्तावेज़ शिविर, सैकड़ों अभिभावकों को राहत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** बास की पुलिया, चार दरवाजा बाहर, बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए RTE (Right to Education) के आवेदन 20 फरवरी से शुरू होने जा रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी अभिभावकों को दस्तावेज़ बनवाने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।वार्ड नंबर 137 के युवा नेता आमिर उस्मानी की पहल पर आयोजित इस शिविर में आम जनता को सरकारी दरों पर आवश्यक दस्तावेज़ उपलब्ध करवाए जाएंगे। आयोजकों का कहना है कि RTE आवेदन के समय लोगों को आधार अपडेट, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। शिविर में उपलब्ध सुविधाएं: नया आधार पंजीकरण निःशुल्क, बायोमेट्रिक अपडेट 125, मूल निवास प्रमाण पत्र सरकारी दर पर, जाति प्रमाण पत्र सरकारी दर पर, आय प्रमाण पत्र सरकारी दर पर, RTE आवेदन फॉर्म भरना निःशुल्क, आयोजकों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज़ लेकर शिविर में पहुंचे और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। संपर्कः 9079836459 पताः बास की पुलिया, चार दरवाजा बाहर, जयपुर RTE आवेदन की दौड़ शुरू होने से पहले यह कैम्प अभिभावकों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र कोटपूतली में होली के पावन अवसर पर होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आध्यात्मिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके लक्ष्मी बहन ने होली का आध्यात्मिक महत्व स्पष्ट किया। होली का सच्चा संदेश है कि मनुष्य अपने जीवन से क्रोध, लोभ, अहंकार और ईर्ष्या जैसी बुराइयों को समाप्त करे। सद्गुणों का समावेशः जीवन में प्रेम, शांति और दिव्य गुणों को धारण करना ही असली होली है। आध्यात्मिक जीवन अपनाने से ही मनुष्य का जीवन सुखी, सरल और तनावमुक्त बन सकता है। भाई-बहनों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :— 604 — दिनांक :— 25/02/2026

**निविदा सूचना संख्या – 26/2025–26**

मण्डल की कॉलोनी सेक्टर 4 व 7 भिवाड़ी, अलवर में कार्य **1. Providing of Drinking Water Facility to Shops & Commercial Plots at Commercial Plot "A" 2. Providing of Sewerage Facility to Shops & Commercial Plots at Commercial Plot "A"** हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 27.02.2026 सायं 6.00 बजे से 09.03.2026 सायं 6.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in/Sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

यू.बी.एन. नं. :- **RHB2526WSOB00372 & RHB2526WSOB00373**

राज.संवाद/सी/25/21449 — आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई.–द्वितीय, जयपुर

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर 75 मीटर नियम को लेकर जमकर मचा हंगामा, विशाल जनसभा व महारैली में व्यापारियों व प्रभावितों का फुटा आक्रोश

- नियम को वापस लिये जाने की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान, नगर परिषद पार्क से जिला कलेक्ट्रेट तक भारी नारेबाजी के साथ निकाला पैदल मार्च

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ द्वारा नेशनल रोड़ कांग्रेस के नियमानुसार प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्गो पर केन्द्र बिन्दू से 75 मीटर व 40 मीटर के नियम को लागू किये जाने को लेकर दिये गये आदेशों के विरोध में बुधवार को क्षेत्र के व्यापारियों समेत प्रभावित दुकानदारों व आमजन का राज्य सरकार के प्रति आक्रोश जमकर फुटा। प्रभावितों ने इसे सीधे- सीधे अंधा कानून करार देते हुये राज्य सरकार की लापरवाही का दुष्परिणाम करार दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार नगर व्यापार महासंघ के आह्वान पर बुधवार को राजमार्ग के दोनों और स्थित दुकानें, प्रतिष्ठान व व्यावसायिक परिसर आदि बंद रहे। वहीं नगर परिषद पार्क में उक्त निर्णय के विरूद्ध विशाल आक्रोश रैली एवं आमसभा का आयोजन किया गया। जहां वक्ताओं ने उक्त निर्णय की जमकर भर्त्सना करते हुये इसे वापस लिये जाने की मांग की। वक्ताओं का कहना था कि उक्त निर्णय के विरूद्ध सरकार विधिक उपचारों का प्रयोग करते हुये इस प्रत्यारहित करें या फिर इसके विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश जारी करवायें। इस दौरान एड. अशोक बंसल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथली शरण बंसल, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल,मौजीराम गुर्जर,सुगन भाई,पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, किराणा व्यापार समिति अध्यक्ष हरिराम सैनी,जितेन्द्र चौधरी, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव व जगदीश मीणा, पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता तारा पूतली, एड. प्रभा अग्रवाल, प्रेमकुमार गुप्ता, रघुवीर यादव, एड. प्रदीप चौधरी, बी एल कसाना, रविन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. एस के मीणा, रामचन्द्र सैनी, रमेश बंसल, मुकेश कसाना,युवा नेता संजय बागड़ी, सुभाष जमालपुरिया समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि 75 मीटर नियम लागू होने से व्यापारियों व आमजन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। छोटे व मध्यम वर्ग के दुकानदारों के सामने रोजी- रोटी का संकट खड़ा हो सकता है, हजारों परिवार सड़क पर आ जायेगें। प्रभावितों ने इसे जनहित के विपरित बताते हुये सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। आमसभा के बाद प्रदर्शनकारियों ने पैदल मार्च करते हुये भारी नारेबाजी के साथ नगरपरिषद पार्क से जिला कलेक्ट्रेट की और कूच किया। जिसकी सूचना मिलते ही डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क, एसएचओ राजेश कुमार शर्मा सहित भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता भी जिला कलेक्ट्रेट पहुंच गया। पुलिस ने कलेक्ट्रेट का मुख्य द्वार बंद करते हुये प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट में प्रवेश से रोक दिया। इस दौरान केवल 11 जनों को ही अंदर जाकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपने की अनुमति दी गई। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभावित लोग नीचे बैठकर जिला कलक्टर से बाहर आकर ज्ञापन लेने की मांग करने लगे, किन्तु मौके पर पहुंचे एसडीएम रामावतार मीणा ने 11 जनों को ही कलक्टर कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपने की बात कही। प्रशासनिक सहमति से समिति के सदस्यों ने अंदर जाकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपते हुये विस्तार से 75 व 40 मीटर की समस्या से अवगत करवाया।

**कार्यालय नगर परिषद, बून्दी (राज.)**

कुम्भा स्टेडियम के पास, बून्दी (राज0)

E-Mail-bundipalika@gmail.com — Ph:-0747-2443903

क्रमांक-कृषि, भूमि — दिनांक-

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीमांशा प्रतिहार पुत्री श्री हेमराज पत्नि श्री अभिलाष झरवाल बून्दी का आवेदन नाम परिवर्तन वास्ते प्राप्त हुआ हे। भुखण्ड संख्या ए 27 वाके अयोध्या नगरी प्रथम देवपुरा बून्दी माप 1375 वर्गफीट पट्टा संख्या 225 दिनांक 11.3.2025 को अनुपमा जैन पत्नि श्री लोकेश जैन के नाम जारी किया गया था। जिसको जर्ये रजिसटर्ड विक्रय पत्र दिनांक 9.10.2025 से श्रीमती मीमांशा प्रतिहार पुत्री श्री हेमराज पत्नि श्री अभिलाष झारवाल के द्वारा क्रय कर नाम परिवर्तन चाहा गया है इस बावत् किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 15 योम कार्यालय हाजा में प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के बाद विचार नहीं किया जायेगा और नाम परिवर्तन कर दिया जायेगा।

सूचित हो।

आयुक्त
नगर परिषद, बूंदी

## सम्पादकीय

# कनाडा की भूल सुधार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के पहले वहां की सरकार ने जिस तरह यह कहा कि उनके देश में होने वाले अपराधों का भारत से कोई संबंध नहीं, वह केवल भूल सुधार ही नहीं, बल्कि इसका प्रमाण है कि जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली पिछली सरकार किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी एजेंडे पर चल रही थी। जस्टिन ने भारत से भागे और अवैध तरीके से कनाडा में प्रवेश करने वाले खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराते हुए ऐसे बेतुके बयान दिए थे कि इस हत्याकांड में भारत का हाथ होने के पुख्ता आरोप सामने आए हैं। प्रमाण के बजाय आरोप की हास्यास्पद बात करके उन्होंने अपनी जगहंसाई तो कराई ही थी, यह भी सिद्ध किया था कि वे खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह के इशारे पर भारत से संबंध खराब करने पर तुल गए थे। यह ठीक है कि उनकी अल्पमत सरकार जगमीत की पार्टी के समर्थन की मोहताज थी, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे उसके दबाव-प्रभाव में भारत से संबंध बिगाड़ने की हद तक चले जाते। आम तौर पर अल्पमत सरकारें घरेलू मामलों में समर्थक दलों के दबाव में आती हैं, लेकिन ट्रूडो सरकार तो विदेश नीति पर जगमीत की पार्टी के समक्ष नतमस्तक हो गई। समस्या केवल इतनी ही नहीं थी कि जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थक नेताओं के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे, बल्कि यह भी थी कि वे भारत विरोधी तत्वों की पीठ पर हाथ रखे हुए थे। इसका दुष्परिणाम यह था कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक अतिवादी आए दिन भारत के खिलाफ उग्र-हिंसक प्रदर्शन करते थे। वे भारत के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को भी धमकाते थे, पर जस्टिन मौन साधे रहते थे। इस कारण भारत को भी उनके खिलाफ कठोर रवैया अपनाना पड़ा। यह अच्छा हुआ कि उनकी जगह प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी पहले दिन से भारत से संबंध सुधार के प्रयास कर रहे हैं, पर भारतीय नेतृत्व केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि नई सरकार पिछली सरकार की गलतियां ठीक कर रही है। भारत को यह देखना होगा कि कनाडा में भारत के खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार करते रहने वाले खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई होती है या नहीं? भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी अभी भी भारतीय हितों के लिए खतरा बने हुए हैं। भारत यह भी नहीं भूल सकता कि तीन सौ से अधिक यात्रियों की जान लेने वाले एअर इंडिया के विमान को विस्फोट से उड़ाने वाले खालिस्तान समर्थक आतंकियों को कोई कठोर सजा नहीं दी जा सकी है और वहां



जब-तब उनका महिमामंडन भी होता रहता है। संबंधों में वास्तविक सुधार के लिए यह सब बंद होना चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 27 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1879 - आर्टिफिशियल स्वीटनर सैकरीन की खोज 1879 में आज ही के दिन रूसी रसायनशास्त्री कॉन्सटैंटिन फालबर्ग ने की थी। कोल तार के पदार्थों पर शोध करने के दौरान उनके हाथ में किसी पदार्थ की मिठास रह गई। इस पदार्थ को उन्होंने 'सैकरिन' नाम दिया। यह व्यावसायिक रूप से उपलब्ध होने वाला पहला कृत्रिम मिठास देने वाला पदार्थ था।
- 1932 - ब्रिटिश भौतिकशास्त्री जेम्स चैडविक ने न्यूट्रॉन की खोज की। अणु में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन मिलकर अणु का केंद्रक बनाते हैं। इलेक्ट्रॉन इस केंद्रक के चारों तरफ चक्कर लगाते हैं। इस खोज के बाद अणु के केंद्रक को अलग करना संभव हुआ, जिससे परमाणु बम बनाने की राह प्रशस्त हुई।
- 2001 - गोधरा, गुजरात में अयोध्या से वपास आ रहे कारसेवकों के डिब्बे में मुसलमानों के आग लगाए जाने से 59 हिन्द कारसेवकों की मौत।
- अफग़ानिस्तान में तालिबान द्वारा सभी देव प्रतिमाओं को नष्ट करने का आदेश।
- 2005 - मारिया शारापोवा ने 'कतर ओपन' खिताब जीता।
- 2007 - लान्साना कोयटे गुयाना के नये प्रधानमंत्री बने।
- 2008 - लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 25 महिलाओं को जी. आर-8 सम्मान से नवाजा गया।
- पाकिस्तान की सरकार ने आसिफ़ अली जरदारी के ख़िलाफ़ लगाये गए भ्रष्टाचार के सभी आरोप वापस लिए।
- 2009 - भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा।
- 2010 - भारत ने आठवीं राष्ट्रमंडल निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में 35 स्वर्ण, 25 रजत और 14 काँस्य सहित कुल 74 पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इंग्लैंड चार स्वर्ण सहित 31 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर और वेल्स चार स्वर्ण सहित 13 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने तीन स्वर्ण सहित 19 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया।

## विशेष आलेख

# केंद्र-राज्य समन्वय से साकार होता मोदी विजन: विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण विकास की नई धुरी



डॉ नयन प्रकाश गांधी

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025, भारत की ग्रामीण विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में सामने आया है। 10 फरवरी 2026 को संसद में दी गई जानकारी के अनुसार यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हों, एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 125 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार सुनिश्चित करता है। यह प्रावधान पूर्व व्यवस्था की 100 दिन की सीमा से आगे बढ़ते हुए ग्रामीण आजीविका सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाता है।यह परिवर्तन केवल दिनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है; यह ग्रामीण रोजगार को एक व्यापक विकास ढांचे से जोडने का प्रयास है। अधिनियम में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो श्रमिक को अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता देने का कानूनी प्रावधान रहेगा। इससे रोजगार और आजीविका सुरक्षा को संवैधानिक संरक्षण की भावना के साथ जोड़ा गया है।

**रोजगार से आगे-ग्रामीण विकास का समग्र मॉडल**

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मजदूरी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण पुनरुत्थान का बहुआयामी ढांचा प्रस्तुत करता है। इसमें चार प्रमुख विषयगत क्षेत्र,जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी गतिविधियाँ और चरम मौसम की घटनाओं के शमन से जुड़े कार्य स्पष्ट रूप से निर्धारित किए गए हैं।

जल सुरक्षा को प्राथमिकता देना इस अधिनियम की दूरदर्शिता को दर्शाता है। तालाब, बांध, कृषि तालाब, नहरें, भूजल पुनर्भरण संरचनाएँ और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियाँ जैसे कार्य केवल रोजगार नहीं देते, बल्कि कृषि की स्थिरता और उत्पादकता को भी बढ़ाते हैं। भारत जैसे मानसून-निर्भर देश में जल संरक्षण दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा की कुंजी है।

**कृषि को प्रत्यक्ष समर्थन**

अधिनियम यह स्वीकार करता है कि कृषि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है; श्रम उपलब्धता, भंडारण और विपणन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुवाई और कटाई के समय किसानों को श्रम की कमी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु राज्यों को वर्ष में 60 दिनों तक कार्यक्रम के कार्य स्थगित करने का अधिकार दिया गया है, ताकि श्रम कृषि कार्यों में उपलब्ध हो सके। यह प्रावधान कृषि समुदाय के लिए व्यावहारिक राहत प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, खेत-स्तरीय भंडारण, गोदाम, ग्रामीण हाट और शीत भंडारण जैसी संरचनाओं को अनुमत कार्यों में शामिल करना किसानों को मजबूरी में फसल बेचने से बचाने में सहायक होगा। इससे उन्हें बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और आय में स्थिरता आएगी।

**जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन**

आज ग्रामीण भारत जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से जूझ रहा है—अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और तापमान में वृद्धि। अधिनियम में बाढ़ नियंत्रण, तटबंध निर्माण, जल संरक्षण, आपदा आश्रय और पुनर्निर्माण कार्यों को शामिल करना एक सराहनीय पहल है। यह दृष्टिकोण केवल तात्कालिक राहत नहीं, बल्कि दीर्घकालिक लचीलापन निर्माण की दिशा में कदम है।

**विविध आजीविका के अवसर**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कृषि से जुड़े विविध आय स्रोतों को बढ़ावा देना आवश्यक है। अधिनियम में पशुपालन, मत्स्य पालन, वर्मी-कंपोस्टिंग, नर्सरी, बागवानी और मूल्यवर्धन गतिविधियों को शामिल करना इसी सोच का परिणाम है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय के कई स्रोत बनेंगे, पलायन कम होगा और स्थानीय रोजगार सृजन को बल मिलेगा।

**राज्यों की भूमिका और क्रियान्वयन की चुनौती**

केंद्र सरकार द्वारा ढांचा तैयार किए जाने के बाद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी योजनाएँ अधिसूचित कर कार्यान्वयन शुरू करना होगा। यहीं से इस अधिनियम की वास्तविक परीक्षा आरंभ होती है। पारदर्शिता, तकनीकी मॉनिटरिंग, सामाजिक लेखा-जोखा और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजना निर्माण अनिवार्य होंगे। राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 125 दिन की रोजगार गारंटी केवल आंकड़ों में न रहे, बल्कि समय पर भुगतान, गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों का निर्माण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वास्तविक परिवर्तन लाए। पंचायत स्तर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म और जियो-टैगिंग जैसी तकनीकों का उपयोग प्रभावशीलता बढ़ा सकता है।

**सामाजिक और आर्थिक प्रभाव**

यदि यह अधिनियम प्रभावी रूप से लागू होता है, तो इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम होंगे। ग्रामीण उपभोग में वृद्धि से स्थानीय बाजार सशक्त होंगे। जल संरचनाओं और अवसंरचना के निर्माण से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। विविध आजीविका गतिविधियाँ ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को नए अवसर प्रदान करेंगी। 125 दिनों की रोजगार गारंटी का अर्थ है कि ग्रामीण परिवारों को आय का एक अपेक्षाकृत स्थिर स्रोत मिलेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दीर्घकाल में यह गरीबी उन्मूलन और सामाजिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025, ग्रामीण भारत के लिए एक व्यापक परिवर्तनकारी दृष्टि प्रस्तुत करता है। यह केवल रोजगार गारंटी का विस्तार नहीं, बल्कि जल, कृषि, अवसंरचना और जलवायु लचीलापन को एकीकृत करने का प्रयास है। यदि राज्यों द्वारा इसे गंभीरता और पारदर्शिता से लागू किया गया, तो यह अधिनियम ग्रामीण आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।विकसित भारत 2047 की परिकल्पना तभी साकार होगी जब गांव मजबूत होंगे। यह अधिनियम उसी दिशा में एक सशक्त कदम है,जहाँ रोजगार केवल मजदूरी नहीं, बल्कि स्थायी विकास का माध्यम बनता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है।)**

# चंद्रशेखर आज़ाद:क्रांति, साहस और आत्मसम्मान की अमर गाथा



सुनील कुमार महला

*दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया।*

27 फरवरी को महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का शहीद दिवस है। पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिला में हुआ था तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गाँव में बीता, जहाँ उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। पाठकों को बताता चलूं कि उनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए। उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया। किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड(13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर में) ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे,आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे। पाठक जानते होंगे कि आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे, और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। कहते हैं कि एक बार उन्होंने स्त्री का भेष धारण कर अंग्रेजों को चकमा दे दिया था। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें क्विक सिल्वर (पारा) कहते थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। गौरतलब है कि यह संगठन 1924 में शचींद्र नाथ सान्याल सहित अन्य क्रांतिकारियों द्वारा स्थापित किया गया था। इसके प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी आदि शामिल थे। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई।

बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोज़शाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है।)**

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### गरीबी रेखा का कार्ड

सुखी काछी ग़रीबी रेखा का कार्ड बनवाने के लिए आज पाँचवी बार सरकारी बाबू के पास आया है । बाबू- अरे भैय्या ! तुमने साबित कर दिया की भैंस अक़्ल से बड़ी होती है। दस बार कह चुका हूँ की जब तक पूरे कागज़ात सही नहीं लाओगे, कार्ड नहीं बन पायेगा। सुखी- हुज़ूर, डेढ़ हज़ार रुपया तक की औकात ही है ग़रीब की, ले लिया जाए और ग़रीब की अरज़ सुन ली जाए सरकार। बाबू- अरे, मरवाएगा क्या? ख़ुद का कोई ईमान धरम नहीं है तो क्या सबको अपने जैसा समझा है? चल जा अभी, साहब आएँगे तब आना। सुखी जिस मालगुज़ार के खेत में काम करता था, वहाँ उसे पता चला कि मालगुज़ार का कार्ड बना हुआ है। वह हिम्मत करके और हैरानी के साथ मालगुज़ार से पूछता है बड़े सरकार, मेरा ग़रीबी रेखा वाला कार्ड नहीं बन रहा है, बाबू बार-बार परेशां कर रहा है मालिक। आपई कुछ मदद करो प्रभु !मालगुज़ार ज़ोर का ठहाका लगाते हुए कहता हैअरे काछी ! ग़रीबी रेखा का कार्ड पाने के लिए ग़रीब नहीं, अमीर होना पड़ता पगलादीन ! मालगुज़ार फिर ज़ोर से हँसता है, सुखी काछी अपनी आँखों में पीढियों की विवशता लिए असहाय खड़ा है।



## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# कैसे रहें हमेशा तंदुरुस्त

आज की तेज़ रफ्तार वाली जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। भागदौड़ भरी दिनचर्या, तनाव और सही खानपान की कमी से हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि हम अपने रोज़मर्रा के जीवन में कुछ आसान आदतें शामिल करें। इस ब्लॉग में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी स्वास्थ्य टिप्स बताएंगे, जो आपको लंबे समय तक स्वस्थ और फिट रहने में मदद करेंगे। स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी चीज़ है सही और संतुलित आहार। हमारे शरीर को काम करने के लिए प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य जरूरी पोषक तत्वों की जरूरत होती है। अगर हमारी डाइट में ये जरूरी तत्व नहीं होते, तो शरीर कमजोर हो जाता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, दालें, नट्स और प्रोटीन से भरपूर चीज़ें शामिल करें। खाने में अत्यधिक तली-भुनी और जंक फूड से बचें। इनसे न सिर्फ वजन बढ़ता है, बल्कि ये शरीर में कई तरह की बीमारियां भी ला सकते हैं। कोशिश करें कि ताजे और घर पर बने हुए खाने को प्राथमिकता दें। साथ ही, अपने भोजन में सही मात्रा में पानी शामिल करना भी जरूरी है। शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर दिन 8-10 गिलास पानी पिएं। शारीरिक गतिविधि हमारे शरीर के लिए उतनी ही जरूरी है जितना कि खाना। रोज़ाना थोड़ी देर के लिए एक्सरसाइज करने से न केवल शरीर फिट रहता है, बल्कि मन भी तंदुरुस्त रहता है। आपको भारी-भरकम वर्कआउट करने की जरूरत नहीं है, लेकिन रोज़ाना 30 मिनट की हल्की एक्सरसाइज जैसे पैदल चलना, साइकिल चलाना, योग या घर के छोटे-मोटे काम करने से भी शरीर एक्टिव रहता है। व्यायाम से शरीर में रक्त का संचार अच्छा होता है, मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।




**मेष**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा और खुशियों की सौगात लेकर आ सकता है। आसपास का माहौल हल्का-फुल्का और उत्साह भरा रहेगा, जिससे मन में नई उम्मीदें जागेंगी।

**वृष**

आज का दिन संतोष और सुख का एहसास कराएगा। जो लोग रोजगार या बेहतर अवसर की तलाश में थे, उन्हें कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मिथुन**

आज आपको धन से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता बरतनी होगी। कोई भी आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें और उधार देने-लेने से पहले हर पहलू पर विचार करें।

**कर्क**

आज का दिन खुशियों और संतुलन से भरा रहेगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझदारी का माहौल रहेगा और जीवनसाथी को करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**सिंह**

आज आपको समाज और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने के संकेत हैं। हालांकि कोई बड़ी डील अंतिम समय पर अटक सकती है, जिससे थोड़ी चिंता बढ़ेगी, लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**कन्या**

भाग्य आज आपका साथ देता नजर आएगा और परिस्थितियाँ आपके पक्ष में रहेंगी। जीवनसाथी का सहयोग और साथ आपको मानसिक मजबूती देगा। संतान के भविष्य को लेकर मन में थोड़ी चिंता रहेगी।

**तुला**

आज का दिन अधूरे कामों को पूरा करने के लिए बेहद अनुकूल है। स्वास्थ्य, खासकर पेट से जुड़ी परेशानी को नजरअंदाज न करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी कठिनाई महसूस हो सकती है, लेकिन निरंतर प्रयास से सुधार होगा।

**वृश्चिक**

आज आर्थिक मामलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। खर्चों को नियंत्रित करने के लिए सही योजना बनाना जरूरी रहेगा। अपने शौक और आराम से जुड़ी चीजों पर खर्च बढ़ सकता है।

**धनु**

आज आपको हर काम में धैर्य और संयम रखने की सलाह है। पिताजी की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक साबित हो सकती है। संतान की खुशी के लिए आप कोई नई चीज, जैसे वाहन, खरीदने का विचार कर सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए निर्णयों और नई शुरुआत का संकेत दे रहा है। अपनी बुद्धिमत्ता और विवेक से लिए गए फैसले आपको आगे बढ़ाएंगे। अपनी जरूरतों और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा।

**कुंभ**

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और आप अपने कार्यों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। जरूरतमंद की मदद करने से मन को सुकून मिलेगा।

**मीन**

आज आपको अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की जरूरत है और छोटी समस्या को भी नजरअंदाज न करें। कोई व्यक्ति मीठी बातों में फंसाकर आपका नुकसान करने की कोशिश कर सकता है।

## पंचायत चुनाव को लेकर गांवों सियासी हलचल तेज, सीट आवंटन से पहले ही संभावित प्रत्याशी सक्रिय



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान सहित सवाईमाधोपुर जिले के गांवों में सरपंच चुनाव को लेकर माहौल गर्माने लगा है। भले ही अभी तक ग्राम पंचायतों में सीटों का आधिकारिक आवंटन नहीं हुआ हो, लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। गांव-गांव में राजनीतिक हलचल बढ़ने से माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। चाय की चौपालों से लेकर खेत-खलिहानों तक और चौराहों की थड़ियों से लेकर मोबाइल स्क्रीन तक हर जगह एक ही सवाल गूंज रहा है-इस बार सरपंच कौन? सोशल मीडिया पर पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों की तस्वीरें साझा की जा रही हैं, वहीं व्यक्तिगत संपर्क और जनसंपर्क अभियान ने भी रफ्तार पकड़ ली है। संभावित प्रत्याशी यह मानकर रणनीति बना रहे हैं कि उनकी ग्राम पंचायत में सीट आना तय है। इसी विश्वास के साथ घर-घर संपर्क, छोटी-छोटी बैठकें, सामूहिक भोज और सामाजिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ा दी गई है। मतदाताओं को साधने के लिए व्यक्तिगत मुलाकातों का दौर भी तेज हो गया है। जिन जनप्रतिनिधियों पर पहले आमजन से दूरी बनाए रखने के आरोप लगते थे, वे अब हर गली-मोहल्ले में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ती मौजूदगी, लोगों को नाम लेकर अभिवादन और समस्याएं सुनने की तत्परता यह बदला हुआ व्यवहार ग्रामीणों की नजर से ओझल नहीं है। सीटों की आधिकारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, लेकिन गांवों में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। आने वाले दिनों में सरपंची की यह जंग और रोचक होने के संकेत मिल रहे हैं।

## उनियारा में मेगा विधिक सेवा शिविर के माध्यम से सामाजिक न्याय का विस्तार



बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद गौतम)।** न्यायालय परिसर, उनियारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा आयोजित 'नालसा मेगा विधिक सेवा एवं लोक कल्याणकारी शिविर' न्याय और सेवा का अद्भुत संगम रहा, जिसकी अध्यक्षता सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और नालसा थीम सॉन्ग के साथ हुआ, जहाँ अपने संबोधन में जलुथरिया ने अनुच्छेद 39(ए) की भावना के अनुरूप वंचित वर्ग को समान न्याय दिलाने और लोक अदालतों के माध्यम से सस्ता व सुलभ समाधान प्राप्त करने पर जोर दिया। इस शिविर में वर्षों बाद उनियारा क्षेत्र के जरूरतमंदों को एक ही मंच पर विधिक जागरूकता के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिला, जिसमें राजीविका द्वारा 28.08 लाख के चेक, समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल, और कृषि व राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न लाभों का वितरण किया गया। उपखंड प्रशासन, नगरपालिका और तालुका विधिक सेवा समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. सुरभि सिंह (ACJM), एसडीएम पूजा मीणा और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही, जहाँ आमजन को आगामी 14 मार्च 2026 की राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु प्रेरित करते हुए सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा गया।

## अवैध जल कनेक्शनों पर पीएचईडी का विशेष अभियान, मौके पर हटाए कनेक्शन



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपखंड टोडारायसिंह द्वारा सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में ग्राम बालापुरा जाटान, ग्राम पंचायत बावड़ी में अवैध जल कनेक्शनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान विभागीय टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण कर अवैध रूप से लिए गए जल कनेक्शनों को चिन्हित किया गया। सहायक अभियंता मालाराम जाट ने बताया कि नियमानुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया गया। साथ ही संबंधित उपभोक्ताओं को भविष्य में बिना वैध स्वीकृति के जल कनेक्शन नहीं लेने के लिए पाबंद किया गया। यह कार्रवाई पेयजल की निष्पक्ष एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने, जल चोरी पर रोक लगाने तथा विभागीय राजस्व की हानि को बचाने हेतु की गई है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध जल कनेक्शन लेना दण्डनीय है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही सहायक अभियंता माला राम जाट ने आमजन से अपील की है कि वे केवल विभाग से विधिवत स्वीकृत कनेक्शन ही लें तथा पेयजल का दुरुपयोग न करें। जिससे सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## विभिन्न त्यौहारों को देखते हुए ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** जिला मजिस्टेट कल्पना अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2026 के मार्च माह में आने वाले त्यौहार 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को धूलंडी, 20 मार्च को चेटीचण्ड, 21 मार्च को ईदुलफितर (चाँद से), 26 मार्च को रामनवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयंती मनाई जायेगी।

### 20वीं भरतपुर रेंज पुलिस गेम्स एवं ड्यूटी मीट

# जनता की बेहतर सेवा फिट पुलिसकर्मी ही कर सकते हैं : एडीजी पांडेय

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विपिन कुमार पाण्डे ने कहा कि खेल पुलिस बल में अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं मानसिक सुदृढ़ता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि फिट पुलिसकर्मी ही बेहतर कार्य क्षमता के साथ जनता की सेवा कर सकते हैं। पांडेय गुरुवार को सवाई माधोपुर में पुलिस लाइन में 20वीं भरतपुर रेंज अंतरजिला पुलिस गेम्स एवं ड्यूटी मीट-2025 का शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे! इससे पहले पाण्डे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद बिश्नोई ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा फुटबॉल मैदान का उद्घाटन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे जिसमें भरतपुर से 67, धौलपुर से 67, डीग से 25, करौली से 42, सवाई माधोपुर से सर्वाधिक 93 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान भरतपुर, धौलपुर, डींग, करौली, सवाई माधोपुर जिलों की पुलिस टीमों द्वारा अनुशासनबद्ध मार्च-पास्ट एवं जनरल सैल्यूट प्रस्तुत किया गया। सवाई माधोपुर टीम के कप्तान ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता की शपथ दिलाई। साथ ही, महिला पुलिसकर्मियों की खेलों में अधिकाधिक भागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद बिश्नोई ने कहा कि पुलिस सेवा में टीमवर्क, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसे आयोजन पुलिसकर्मियों में आपसी समन्वय, उत्साह और कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भरतपुर, धौलपुर, डीग, करौली एवं सवाई माधोपुर जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय आयोजन में लगभग 300 खिलाड़ी 30 से अधिक खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। प्रतियोगिता के दौरान फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, हैंडबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, जूडो, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 28 फरवरी को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित समारोह के साथ होगा, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम, विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीना सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## पंचायत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सवाई माधोपुर जिले में कुल मतदाता 8,26,392

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले की सभी आठ पंचायत समितियों की वार्डवार पंचायत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार 25 फरवरी को किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 8,26,392 हो गई है, जिनमें 4,40,210 पुरुष तथा 3,86,182 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी 2026 को प्रारूप प्रकाशन के समय जिले में कुल 8,22,124 मतदाता थे। इसके पश्चात 31 जनवरी को वार्डों एवं मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का पठन कराया गया तथा 1 एवं 2 फरवरी को विशेष अभियान चलाकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं। निर्धारित अवधि तक प्राप्त आवेदनों के निस्तारण के दौरान 18,188 पुरुष एवं 17,642 महिला मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वन विभाग द्वारा राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के तहत हलोंदा गुजरान गांव में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप वन संरक्षक मानस सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें 70 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में फलोदी रेंजर विजय कुमार मीणा ने वन विभाग की विभिन्न योजनाओं, पौधरोपण, वन संरक्षण गतिविधियों तथा सामुदायिक भागीदारी की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। परियोजना समन्वयक झाबर मल यादव ने परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से जैव विविधता संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर गौत्तम परमार एंड पार्टी, बाड़मेर के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने सरल एवं रोचक तरीके से वन संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा जैव विविधता के महत्व का संदेश देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में राजाराम माली, दिनेश कुमार सैनी, सहायक वनपाल प्रकाश चंद जाट, वनरक्षक नरेंद्र कुमार मीणा सहित शिवसिंह गुर्जर, राजमल मीणा, मुकेश जंगम, लल्लू गुर्जर, देशराज गुर्जर एवं अन्य जागरूक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीजे दीक्षित ने कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा गुरुवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दीक्षित द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई, कारागृह में सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, ई कियोस्क आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया। देवेंद्र दीक्षित ने उपस्थित बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन करके अपने मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही कारागृह में बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के संबंध में अवगत करवा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता एवं जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ की गई । दौराने निरीक्षण 101 विचाराधीन एवं 03 सजायाफ्ता बंदियों सहित कुल 104 बंदी उपस्थित पाएं गए। दीक्षित द्वारा बंदियों को साइबर अपराधों, चोरी, लूट, हत्या एवं हत्या के प्रयास तथा अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## भक्ति और रंगों के संगम के साथ, होली के रसिया टीम ने मनाया फागोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** फागुन मास में होली महोत्सव की धूम मची हुई है। कस्बे के मंदिरों में दिन और देर शाम तक फागोत्सव की गूंज सुनाई देती है। बुधवार देर शाम कस्बे के चारभुजानाथ मंदिर में होली के रसिया टीम की ओर से फागोत्सव आयोजित किया गया, जो देर रात तक जारी रहा। इस मौके पर भगवान चारभुजानाथ की भव्य आलौकिक झांकी सजाई गई। इस दौरान श्रद्धालु टीम द्वारा प्रस्तुत फागों पर झूमते रहे। फागोत्सव के दौरान " आज बिरज में होली रे रसिया...., कैसे आऊं रे सांवरिया तेरे...., उठ मिल रे राम भरत...., तू छ तू छ नन्द जी को लाल कान्हा...., नैणा नीचा कर ले , श्याम न रिझाव ली कांई..., कौन मान लें यशोदा थारो बनवारी.... सहित एक से बढ़कर एक फाग प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। फाग का आनंद लेते हुए देर रात तक जमें रहें। इस दौरान पुष्प वर्षा कर इत्र छिड़का गया। फागोत्सव में नारायण रावत, महेश नारायण गुर्जी, रमेश चंद विजयवर्गीय, सुधीर चतुर्वेदी, ओमप्रकाश रावत, सुरेश गुप्ता (डंगायच), कैलाश चंद सोनी, चंद्रप्रकाश टेलर, कैलाश सोनी, श्याम सुंदर तिवाड़ी, नवल किशोर शास्त्री, शंभु प्रकाश शर्मा, महेश मुमिया, तारा चन्द सोनी, रजत सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उनियारा: प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित, सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे अजमेर

बढ़ता राजस्थान



**उनियारा (आनंद गौतम)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल उनियारा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल प्रभारी जय नारायण वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 28 फरवरी को अजमेर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप देना और आगामी स्थानीय निकाय व पंचायत चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना था।

### प्रधानमंत्री की सभा में उमड़ेगा जनसैलाब

जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने के लिए उनियारा से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचना है। वहीं, मुख्य वक्ता बाबू लाल कासलीवाल और मोदी यात्रा संयोजक घासी जैन ने आश्वस्त किया कि उनियारा शहर से 200 से अधिक कार्यकर्ताओं का जत्था एकजुट होकर अजमेर सभा में शामिल होगा। बैठक में आगामी निकाय और पंचायत चुनावों पर भी गहन मंथन किया गया। प्रभारी जय नारायण वर्मा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए किः अभी से अलग-अलग टोलियां बनाकर चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाएं ताकि उनियारा में भाजपा का बोर्ड बनाया जा सके। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

मंडल अध्यक्ष ममता साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। बैठक में भाजपा महामंत्री मनोज शर्मा, महेश खंडेलवाल, वरिष्ठ नेता घासी जैन, जगदीश साहू, चिरंजी लाल सैनी, किशन कीची, प्रहलाद सैनी, कन्हैया लाल सैनी, मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद प्रजापत, चंद्रकांता जांगिड़, पार्षद सुमन मेरुठा, लोकेश सैनी, मंत्री राकेश सेन, रिंकेश चेची, आकाश गुर्जर, संजय शर्मा, जुबेर पठान, राम सैनी, ईश्वर शर्मा, महेश कुशवाहा सहित बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### होली, धुलंडी एवं ईदुलफितर त्यौहारों को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित

# त्यौहार आपसी सद्भाव एवं खुशी से मनाएं-एडीएम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी) ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरियां ने कहा कि जिलेवासी आने वाले त्यौहार होली, धूलण्डी, चेटीचंड, ईदुलफितर, रामनवमी और महावीर जयन्ती का त्यौहार आपसी सद्भाव एवं खुशी के साथ मनाएं। उन्होंने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक में कहा कि त्यौहारों पर लोग आपस में मिलकर एक-दूसरे की खुशियों में शामिल हो। ऐसा कोई कार्य नही करे जिससे दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। एडीएम ने कहा कि टोंक जिला गंगा जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है। सभी नागरिकों का यह दायित्व है कि त्यौहार उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं, ताकि समाजिक सौहार्द बना रहे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद ने कहा कि त्यौहारों के अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने सोशल मीडिया के उपयोग पर कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक, जातिवादी, आपसी वैमनस्य बढ़ाने वाली पोस्ट शेयर नहीं करें। साथ ही, अप्रिय घटना होने पर कानून अपने हाथ में नहीं ले तथा तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचित करे। असमाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस अवसर पर मालपुरा से आये रमाकान्त पाठक ने कहा कि प्रशासन सम्राट की सवारी के रूट चार्ट पर झूलते हुए विद्युत तारों, सड़क के गड्डों को सही कराएं। सुभाष मिश्रा ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाये साथ ही होलीका दहन के बाद राख की सफाई समय पर हो। उन्होंने कहा कि मोटरसाईकिल के साइलेंसर में तेज आवाज के वायर शॉट को प्रतिबंधित करें। झिराना से आए मोहम्मद शकील ने मेडिकल एम्बुलेंस की व्यवस्थाएं त्वरित रखने पर जोर दिया ताकि दुर्घटना होने पर समय पर इलाज हो सकें। खलीलाबद से आए रामकल्याण जाट ने धुलंडी पर पेयजल सप्लाई अधिक मात्रा में करने के बारे में कहा। पूर्व पार्षद महबूब अहमद ने कहा कि त्योहारो के समय आपाजिनक शब्दों का प्रयोग करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि सभी लोग त्यौहारों के अवसर पर शालीनता बनाएं रखें। बैठक में एसडीओ टोंक हुक्मीचन्द रोहलानिया, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रहलाद करनाल, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिण, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता कालूराम मीना, नगर परिषद के सचिव अमरचन्द गुर्जर, आबकारी अधिकारी के बाबूलाल जाट समेत समिति के अन्य सदस्य अब्दुल गफ्फार, गौपाल बैरवा, शंकर गुर्जर, तेजमल कुमावत, अब्दुल हमीद, राजेश बैरवा, सत्यनारायण विजय, पुरषोत्तम सैनी, मोहम्मद उमर खांन, आरजे खींची, आरएल दीपक, रामवतार शर्मा, हंसराज बैरवा मौजूद रहे।

# भारतीय वायु सेना का युद्धभ्यास वायु शक्ति 2026 आज, राष्ट्रपति मुर्मू भी प्रचंड हेलिकॉप्टर से भरेगी उड़ान

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** भारतीय वायुसेना का तीन साल में होने वाला युद्धभ्यास वायु शक्ति 2026 देश की पश्चिमी सरहद के समीप जैसलमेर के चांधन फील्ड फाईरिंग रेंज में होने जा रहा है ।रात व दिन में होने वाले इस अभ्यास में वायुसेना आपरेशन सिंदूर की तर्ज पर दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को तबाह करने का जींवत प्रदर्शन करेगी । वायुसेना के सबसे बड़े इस अभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू रक्षा मंत्री राजनाथसिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े साक्षी बनेगें । गुरुवार को राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल के साथ स्थानीय विधायक और क्षेत्र के मंत्रियों का काफिला जैसलमेर पहुंचा है।

पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक चांधन फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता दिखाएगी । इस दौरान लडाकू विमानों की गडगडाहट , बमबारी और मिसाइलों के अचूक निशाने से सेना काल्पनिक ठिकानों पर प्रहार करेगी।यह मल्टी- एयरबेस ऑपरेशन भारतीय वायुसेना की नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमता को दर्शाता है। पूरा युद्ध अभ्यास नो चरणों में संपन्न होगा जिसमें की रक्षा के साथ-साथ तकनीक का बेहतर ताल में और छद्म ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर पुलवामा और मुंबई आतंकी हमले के दौरान सेना के द्वारा किए गए पराक्रम की झलक देखने को मिलेगी।सी - 130 सुपर हरक्यूलिस विमान के साथ



वायुसेना के विशेष दस्ते ' गरुड़ कमांडो ' के साथ एलसीएच, फाइटर जेट,सुखोई, राफेल समेत गोलाबारी और ऑपरेशन के लिए 77 फाइटर जेट और 43 हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं । वायु शक्ति 2026 सुविधा अभ्यास के तहत तकरीबन 12000 किलो बारूद काम मे लिया जाएगा। जिसमें जमीन से जमीन, जमीन से हवा और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल्स भी शामिल है। इस युद्ध अभ्यास को लेकर जैसलमेर में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद हैं और जैसलमेर पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है।

**एलसीएच प्रचंड में उड़ान भरेगीं राष्ट्रपति मुर्मू**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजस्थान की अपनी यात्रा के हिस्से के रूप में शुक्रवार सुबह जैसलमेर वायु सेना स्टेशन पर स्वदेशी रूप से विकसित लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरेगीं।

मुर्मू के गुरुवार शाम को जैसलमेर पहुंचने पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत सेना के अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। रक्षा सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को, राष्ट्रपति - भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर - दिन में अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने से पहले एलसीएच प्रचंड में उड़ान भरेगीं। वे जैसलमेर एयरपोर्ट से युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी । यह पहली बार होगा , जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह - पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी। शाम को राष्ट्रपति पोकरण रेंज पहुंचेंगी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू न केवल सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं, बल्कि उन्होंने खुद फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स में उड़ान भरकर देश के जवानों का हौसला बढ़ाया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर , 2025 को अंबाला स्थित गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन के राफेल विमान में उड़ान भरकर एक नया इतिहास रचा था । वे दो अलग - अलग लड़ाकू विमानों ( सुखोई और राफेल ) में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनीं । वे सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति भी है।

## होलकाष्टक की सेवा में पधारे युवाचार्य गोस्वामी 105 श्री विशाल बाबा

- श्रीनाथजी व लाडले लाल के गुलाल कुंड मनोरथ में प्रभु को लड़ाए लाड़

बढ़ता राजस्थान

नाथद्वारा। पुष्टिमार्गीय वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर में होलका के पावन अवसर पर प्रातः भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। युवाचार्य गोस्वामी 105 श्री विशाल बावा नाथद्वारा पधारे, जहां मोती महल में बृजवासी संघ, गाइड संघ, मंदिर सेवकों एवं विशिष्ट जनों ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं ऊपरना ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया।होलका के अवसर पर श्रीनाथजी एवं नवनीत प्रियाजी के श्रीजी बगीचे में गुलाल कुंड का भव्य मनोरथ आयोजित हुआ। मनोरथ के दौरान चिरंजीव श्री विशाल बावा ने प्रभु को चोवा, चंदन, गुलाल एवं अबीर से फाग खिलाया। गुलाल-अबीर से सरोबार कर प्रभु को लाड़ लड़ाते हुए भक्ति भाव से आरती उतारी तथा अपनी सेवा समर्पित की।इस अलौकिक आयोजन में उपस्थित वैष्णव जन भी प्रभु के रंग में रंगे नजर आए। श्रद्धालुओं ने गुलाल कुंड के अद्भुत दर्शनों के साथ प्रभु संग होली का आनंद लिया। पूरा परिसर भक्ति, उल्लास और रंगोत्सव के आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा।इस अवसर पर मंदिर अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, श्रीनाथजी मंदिर मंडल के सीईओ जितेंद्र पांडे, तिलकायत श्री के मुख्य सलाहकार अंजन शाह, सचिव लीलाधर पुरोहित, उमंग मेहता, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, पंड्या जी परेश नागर, जमादार विट्ठल सनाढ्य, सुनील गुर्जर, प्रवीण गुर्जर, कैलाश पालीवाल, कल्पित जोशी, गोपी वर्मा सहित सैकड़ों वैष्णव उपस्थित रहे।



होलकाष्टक के इस पावन अवसर पर श्रीनाथजी की हवेली में आयोजित गुलाल कुंड मनोरथ ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रंग में रंगते हुए फाल्गुनी उत्सव की आनंदमयी अनुभूति कराई।

## राजसमंद में निजी वाहनों के चक्के जाम, फिटनेस सेंटर शिफ्टिंग का विरोध तेज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में निजी वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। राजस्थान परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस सेंटर को संभाग मुख्यालय उदयपुर स्थानांतरित किए जाने के निर्णय के विरोध में जिलेभर के बस, टैक्सी और अन्य निजी वाहन संचालकों ने चक्काजाम कर दिया। हड़ताल के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है और ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।निजी वाहन मालिकों का कहना है कि अब वाहनों की फिटनेस जांच के लिए उदयपुर जाना पड़ेगा, जिससे प्रति वाहन करीब 10 हजार रुपये तक का अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इसमें टोल टैक्स, डीजल खर्च, स्टाफ का खर्च और 4-5 दिन तक काम बंद रहने से होने वाला नुकसान शामिल है। वाहन चालकों का आरोप है कि यह बोझ अंततः आम जनता पर पड़ेगा और किराए में वृद्धि करनी पड़ेगी।



कांकरोली स्थित निजी बस कार्यालय पर बड़ी संख्या में वाहन चालक और परिचालक एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए सरकार के निर्णय का विरोध जताया। उनका कहना है कि संभाग मुख्यालय तक बार-बार चक्कर लगाना समय और धन दोनों की बर्बादी है। साथ ही लालफीताशाही के कारण और अधिक परेशानियां बढ़ेंगी।हड़ताल के कारण जिला मुख्यालय से आसपास के गांवों के लिए चलने वाली सवारियां प्रभावित हुई हैं। कई यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा, जबकि कुछ को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ा।

वाहन संचालकों ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार निर्णय वापस लेकर फिटनेस सेंटर को पुनः जिले में संचालित नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्री हरीश चन्द आहूजा पुत्र श्री लाल चन्द आहूजा निवासी 116 विजय नगर,अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया, कि हरीश चन्द आहूजा के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके पुत्र सोहन कुमार ने अपने पिता के नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। उसके बाद डॉ० श्रॉफ धर्मार्थ चिकित्सालय से आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र सोहन कुमार ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके "नेत्रदान" कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जोधपुर द्वारा नियोक्ताओं और कर्मचारियों को ईएसआई योजना के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन वोलकेम इण्डिया, पिण्डवाडा मे दिनांक 26.02.2026 को किया गया। शिविर का उदेश्य हितधारको विशेषकर नियोक्तओ तथा श्रमिको को कर्मचारी राज्य बीमा के अन्तर्गत नियोजक्ताओं तथा कर्मचारियों को मिलने वाले लाभो और प्रक्रियाओं के बारे मे जानकारी देना था कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय , जोधपुर से कार्यालय प्रमुख नीरज कुमार शर्मा , संयुक्त निदेशक ने सभा को सम्बोधित करते हुए अधिनियम के प्रावधानों की अनुपालना करते हुए हितधारको को लाभ पहुँचने के महत्व पर जोर दिया तथा अवगत कराया कि विभाग के द्वारा बीमित कर्मचारियों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाना ही एकमात्र उदेश्य है।

## बाबा श्याम आज निकलेंगे नगर भ्रमण को, जगह-जगह भक्त पुष्प वर्षा कर करेंगे स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर) (का.स.)।** हारे का सहारा मित्र मंडल राजगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी पर हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, खाटूश्यामजी की नगर भ्रमण, निशान यात्रा, कलशयात्रा व फागोत्सव का आयोजन होगा। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत मदनमोहन शास्त्री व हारे का सहारा मित्र मंडल के मनीष गुप्ता, राकेश सैनी तथा मुकुल बड़ाया ने बताया कि कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रातः 9.15 बजे विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद बाबा श्याम जी की द्वितीय नगर भ्रमण, निशान यात्रा व कलशयात्रा बैंड बाजा के साथ निकाली जाएगी। निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्कूली विद्यार्थी बाबा श्याम का निशान लेकर तथा महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजनों पर नाचते गाते हुए चलेंगे। निशान यात्रा भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पटायरी की डूंगरी, मेला का चौराहा, तहसील परिसर, सराय बाजार, गोल सर्किल होते हुए श्री चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान निशान यात्रा व कलशयात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

मंदिर पहुंचने पर फागोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। मंडल सदस्य दिनेश सैन व महेश पाबूवाल ने बताया कि इससे पूर्व श्री जगन्नाथ मंदिर में विराजमान श्री खाटूश्याम जी का कोलकाता के फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को फूलों व आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

## दूसरे प्रदेशों की राजस्थान में ब्याही महिलाएं भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण की हकदार : राजस्थान हाईकोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ . पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायाधिपति संदीप शाह की खण्डपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला देते यह व्यवस्था सुनिश्चित की है कि अन्य राज्यों में जायी जन्मी लेकिन राजस्थान में विवाहित महिलाएं भी सरकारी सेवाओं में ईडब्ल्यूएस आरक्षण की हकदार है। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और नर्सिंग ऑफिसर नियमित भर्ती 2023 के मामले दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने एकलपीठ निर्णय के विरुद्ध दायर राज्य सरकार की विशेष अपीलों को खारिज कर दिया है।

अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 3384 पदों एवं नर्सिंग ऑफिसर के 6981 पदों के लिए जारी की गई विज्ञप्ति में आर्थिक कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 10 प्रतिशत पदों का आरक्षण किया गया था, जिसमे याची पुनीता रानी ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पद के लिए और रीना कुंवर राजपूत ने नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए ईडब्ल्यूएस वर्ग में अपना आवेदन किया। अंतरिम चयन सूची में याचीगण को चयनित किया गया लेकिन अंतिम चयन सूची उनका नाम यह कहते हुए हटा दिया गया कि वह जन्मजात राजस्थान से बाहर अन्य राज्यों यथा हरियाणा व मध्यप्रदेश की होने और शादी राजस्थान में जाने से वह ईडब्ल्यूएस वर्ग आरक्षण की हकदार नहीं है।

रिट याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का जन्म अन्य राज्य में हुआ और उनकी शादी राजस्थान के मूल निवासी से होने बाद वे राजस्थान के मूल निवासी हों चुकी है विवाह पश्चात से ही वह राजस्थान में ही निवासरत है । राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा याचीगण की समस्त जांच पड़ताल कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियमानुसार मूल निवासी प्रमाण पत्र और आर्थिक कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किया गया । राज्य सरकार के कार्मिक विभाग और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा भी समय समय पर परिपत्र और अधिसूचनाए जारी करते हुए राज्य से बाहर की महिलाओं को विवाह पश्चात राजस्थान में आर्थिक कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी कर आरक्षण का फायदा देने के निर्देश जारी कर रखे हैं।

प्रकरण के तथ्यों और पूर्व न्यायिक दृष्टान्तो का समग्र परिशीलन पश्चात वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ . पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायाधिपति संदीप शाह की खण्डपीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश विशेष अपीलों को रिपोर्टेबल निर्णय से खारिज करते हुए प्रतिपादित किया कि अन्य राज्यों में जायी जन्मी लेकिन राजस्थान में विवाहित महिलाएं भी सरकारी सेवाओं में ईडब्ल्यूएस आरक्षण पाने की हकदार हैं।

## पुलिस कमिश्नर के रूप में शरत कविराज ने जोधपुर में विधिवत पदभार संभाला

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर में भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शरत कविराज ने नए पुलिस कमिश्नर के रूप में विधिवत पदभार संभाल लिया। कमिश्नरेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की और पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम एवं पूर्व जिलों की कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत फीडबैक लिया। साथ ही मुख्यालय की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों और विभिन्न शाखाओं की जिम्मेदारियों की भी समीक्षा की।नव नियुक्त पुलिस कमिश्नर शरत कविराज ने बेहतर कानून-व्यवस्था, समन्वय और प्रभावी पुलिसिंग को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताएं ही उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ संगठित अपराधों की रोकथाम पर



विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस थानों में आमजन की शिकायतों की तत्काल सुनवाई और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में और बेहतर कार्रवाई की जाएगी.उल्लेखनीय है कि शरत कविराज पूर्व में जोधपुर में ग्रामीण एसपी के पद पर कार्य कर चुके हैं। मूल रूप से राजस्थानी होने के कारण उन्हें पश्चिमी राजस्थान के अपराध परिदृश्य की गहरी समझ है। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में राजस्थान में उनका लंबा अनुभव रहा है और कानून-व्यवस्था तथा संगठित अपराधों से निपटने में उनका व्यापक अनुभव माना जाता है।

## 26 वां निरंकारी क्रिकेट टूर्नामेंट खेल और अनुशासन का प्रेरणादायक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सद्‌गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में आध्यात्मिक चेतना मानवीय मूल्यो और खेल भावना के दिव्य समन्वय को साकार करते हुए 26वें बाबा गुरु वचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा की पावन धरा पर अत्यंत श्रद्धा अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ इस टूर्नामेंट की आधारशिला बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में रखी गई थी।




26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 श्रेष्ठ टीम में सहभागिता कर रही है इनमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा महाराष्ट्र, उड़ीसा कोलकाता, गुजरात, दिल्ली एवं दिल्ली एन सी आर से आए युवा खिलाड़ी खेल के माध्यम से अनुशासन संयम और मातृभाव का संजीव परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं

इस विशाल आयोजन का संचालन संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है इस भव्य आयोजन में संत निरंकारी मंडल की प्रधान श्रीमती राजकुमारी जी तथा केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह जी की गरिमामय उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही

यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को निखारता है, बल्कि आत्म संयम, एकता और आध्यात्मिक चेतना को भी दृढ़ करता है टूर्नामेंट के सुचारू और सफल संचालन के लिए व्यापक प्रबंध भी किए गए प्रतिभागियों और दर्शकों की सुविधा हेतु आवास, चिकित्सा, सेवाएं, जलपान, आपातकालीन सहायता सुरक्षा एवं पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

## आशा सहयोगिनी संगठन का अनोखा प्रदर्शन

**स्वास्थ्य भवन से कलेक्ट्री व विधायक कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च**

- 7 दिन में समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन और चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में आशा सहयोगिनी संगठन की लगभग 1 हजार कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। पिछले 7 दिनों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय के बाहर जारी धरने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई नहीं होने से नाराज आशाओं ने स्वास्थ्य भवन से जिला कलेक्ट्री, सांसद कार्यालय एवं विधायक कार्यालय तक मानव श्रृंखला बनाकर पैदल मार्च किया।प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। बड़ी संख्या में गुलाबी साड़ी में शामिल महिलाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। आशाओं का कहना है कि वे वर्षों से विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।मार्च के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपकर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा और आगामी चुनावों के बहिष्कार पर भी विचार करेगा।आशा सहयोगिनी संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित मानदेय, सुरक्षा एवं सम्मान नहीं मिल रहा है। धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती।



प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने से आशाओं में आक्रोश बना हुआ है। यदि 7 दिन में समाधान नहीं हुआ तो जिले में बड़ा आंदोलन देखने को मिल सकता है।

## महिला स्वास्थ्य को समर्पित रोटरी क्लब अलवर ने लगाया द्वितीय मैमोग्राफी कैंप

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर व अलवर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के तहत दिनांक 26 फरवरी को द्वितीय मैमोग्राफी कैंप रोटरी चैरिटेबल ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर में आयोजित किया गया। सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि यह कैंप विशेष रूप से महिलाओं के लिए है जिसमें 20 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई। मैमोग्राफी वैन रोटरी क्लब गुड़गांव द्वारा भेजी गई जिसमें रोटरी क्लब गुड़गांव से मोना सिंह व मैमोग्राफी के लिए रेडियोग्राफर पूजा व मोनिका उपस्थित थी।

# वर्चस्व को लेकर हुई थी हत्या कोटा पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (जसराज सिंह भढ़ाना)** कोटा शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी ने बताया की 22 - 23 फरवरी रात तकरीबन 12:15 के बजे की घटना कोटडी गुमानपुरा थाना क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों ने धात लगा कर धीरज सुमन उर्फ बादशाह को धारदार हथियार से गंभीर चोटे पहुंचाई थी जिसे जिला एमबीएस अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक के भाई द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया कि मेरा भाई और उसका दोस्त किसी समारोह से लौट रहे थे तो उनको रास्ते में रोक कर धारदार हथियार से गंभीर घायल कर दिया था जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मुकदमे में अनुसंधान करके इस मुकदमे में फरार चल रहे तीन आरोपियों को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया है कोर्ट से इनको पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया गया है गिरफ्तार आरोपियों में पवन उर्फ गुड्डा , ओम प्रकाश उर्फ गंजी , रोहित उर्फ चिल्लू , इन तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया । बताया गया है कि आरोपी और प्रतिवादी गण दोनों ही परिचित थे और अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और एक से अधिक बार आपस में कहा सुनी होने की वजह से आरोपियों ने आवेश में आकर इस घटना को अंजाम दिया गया। मृतक और आरोपी मोहल्ले के ही बताई जा रहे हैं अनुसंधान में आगे कई और लोगों की भी होने की पुष्टि है

# सरिया से भरी ट्रॉली पलटी मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा पीपल्दा (मुकेश गोस्वामीद)।** गुरुवार सुबह परिवार का पेट पालने के लिए मजदूरी पर निकले थे तीन मजदूर जो इटावा के बिल्डिंग मटेरियल गोदाम से आरसीसी के सरिया ट्रैक्टर की ट्रॉली में भरकर कहीं साइड पर खाली करने तीनों मजदूर एक साथ ट्रॉली में बैठकर जा रहे थे इटावा अंबेडकर भवन के सामने बायपास रोड पर अचानक ट्रॉली रोड पर ही पलट गई जिससे दो मजदूर तो जान बचाने में सफल रहे परंतु एक मजदूर राजेंद्र कुशवाहा बोरदा निवासी आरसीसी सरिया की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया था लोगों ने आरसीसी सरिया के नीचे से निकाल कर इटावा पुलिस को सूचना दी गई जिस पर इटावा पुलिस मौके पर पहुंची और राजेंद्र को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया दुर्घटना की दुखद खबर परिजनों तक पुलिस द्वारा दी गई और शव इटावा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया पुलिस जांच जुट गई।

# ऑपरेशन क्लीन स्वीपः सहरावदा ग्राम पंचायत व मोड़क पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ विक्रेता पर शिकंजा



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (गोलू राठौड़)।** "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" के तहत ग्राम पंचायत सहरावदा एवं मोड़क थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दी और अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर संबंधित आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बूंदीः महाशिवरात्रि पर आध्यात्मिक कार्यक्रम और शिव ध्वजारोहण संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बाहरली बूंदी स्थित सेवा केंद्र पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी, गीता दीदी, अलका दीदी, आशा दीदी और माधवी दीदी ने शिव ध्वज लहराकर किया। आत्म परिवर्तनः सेवा केंद्र प्रभारी रजनी दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि अज्ञानता के अंधकार को मिटाने और आत्म-जागृति का पर्व है। सच्चा उपवास बुराइयों का त्याग है। ईश्वरीय अवतारः उन्होंने बताया कि कलियुग के अंत में परमात्मा शिव, प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर मनुष्य को देवता समान बनाते हैं। संस्था का परिचयः ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। इस अवसर पर गुरु नानक कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर शिव ध्वज फहराया गया और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक परमात्मा की महिमा गाकर प्रसाद ग्रहण किया।

# मोदी की अजमेर सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटा संगठन चित्तौड़गढ़ निभाएगा अग्रणी भूमिका : सी.पी. जोशी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अजमेर यात्रा को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी चित्तौड़गढ़ जिला कार्यालय में रणनीति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद सी. पी. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारिक ने बताया कि रणनीति बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अजमेर दौरा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नही जनआस्था, विकास और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प का उत्सव होगा। उन्होंने कहा कि लाखों की संख्या में जनता प्रधानमंत्री के प्रेरक संबोधन को सुनने अजमेर पहुंचेगी और चित्तौड़गढ़ जिला इस ऐतिहासिक सभा में सबसे अधिक सहभागिता दर्ज कराकर प्रदेश में मिसाल कायम करेगा। सांसद जोशी ने पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण और ऊर्जा के साथ इस आयोजन की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक है और चित्तौड़गढ़ के कार्यकर्ता एकजुटता व संकल्प के साथ ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराएंगे। साथ ही उन्होंने पार्टी के आगामी सभी कार्यक्रमों में सक्रिय, जिम्मेदार और निरंतर सहभागिता निभाने का भी आह्वान किया, जिससे संगठन की शक्ति और प्रभाव और सशक्त हो। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने चित्तौड़गढ़ जिले की पांचो विधानसभा क्षेत्रो से अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की ताकत को जनसमर्थन में बदलना ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ता समन्वय, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने का आव्हान किया। सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण समर्पण, अनुशासन और उत्साह के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने का आह्वान किया गया, ताकि प्रधानमंत्री की अजमेर सभा ऐतिहासिक बने।

पूर्व जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, विधानसभा प्रभारी देवी सिंह राणावत, कमलेंद्र सिंह हाड़ा मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री कैलाश मंत्री ने किया। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष सीपी नामधराणी, नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला मंत्री गोवर्धन जाट, कलीबाई मीणा, कैलाश जाट, पारस वीरवाल, गौपाल चौबे, कोषाध्यक्ष हरीश ईनाणी, प्रवक्ता संजू लड्ढा, दीपक शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, आईटी जिला संयोजक नन्दकिशोर लौहार, सोशल मीडिया संयोजक कुलदीप चतुर्वेदी, कार्यालय सहप्रमुख प्रहलाद टेलर, ओबीसी मोर्चा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोटूलाल सुथार, आईटी सहसंयोजक आशीष शर्मा, दीपक अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष गौरव त्यागी, गजेंद्र सिंह, अनिल सुखवाल, भंवर सिंह, लालचन्द गुर्जर, हीरालाल रायका, सुरेश जाट, नारायणलाल अहीर, रतननाथ योगी, शंकर साहू, शंभु गाडरी, अशोक जाट, विदुषी बिल्लू, राकेश पितलिया, कुलदीप सिंह, भूपेंद्र सालवी, भवानीराम जाट, तुलसीराम शर्मा, नेमीचंद भाट, पूरणमल अहीर, भेरूलाल गाडरी, मण्डल प्रभारी रामगोपाल ओझा, रतन पूर्बिया, ज्योतिष पुरोहित सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।विगत दिनों भाजपा जिला कार्यालय के कर्मचारी कोमल पाटीदार के आकस्मिक एवं असामयिक निधन पर भाजपा जिला कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया।

बैठक के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय के कर्मचारी कोमल पाटीदार के असामयिक निधन पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# तलवंडी मे सुने मकान मे हुई 45 लाख 30 हजार 800 रूपए की नकबजनी वारदात का खुलासा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (जसराज सिंह भढ़ाना)** कोटा के पत्थर व्यवसायी घर से परिवार सहित शादी में अहमदाबाद गए हुए थे शादी से कोटा आए घर पे आकर देखा तो मकान के ड्राइंग रूम के प्रवेश द्वार का ताला टूटा मिला। हमने मकान में प्रवेश कर देखा तो अलमारी के तालेटूटे मिले एवं सामान अस्त-व्यस्त मिला , फरियादी ने बताया कि हमारे मकान से करीब 45-50 लाख नकद रूपये तथा सोने चाँदी जेवरात चोरी होना मालूम हुआ । इस पर पुलिस ने प्रकरण संख्या47/2026 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया । जिला पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौत्तम ने बताया की तलव्डी के बी सेक्टर मे हुई नकबजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुये चोरी व नकबजनी की घटनाओ को ट्रैस आउट करने व मुलजिमो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के नेतृत्व मे वृत्तालधकारी वृत्त प्रथम जिला कोटा शहर योगेश शर्मा के सुपरविजन मे थानाअघिकारी जवाहर नगर थाना रामलक्ष्मण गुर्जर पुलिस निरीक्षक व थानाअघिकारी थाना उधोगनगर जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कि गई । थानाधिकारी थाना जवाहर नगर रामलक्ष्मण गुर्जर पुलिस निरीक्षक व थानाधिकारी थाना उधोगनगर जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्थल से तकनीकी गठित टीम के द्वारा घटना के सभी पहलुओं पर अनुसंधान करते हुये तकनीकी साक्ष्यों, मजबूत मुखबिर की सुचना पर संकलन एंव टीम द्वारा अपने पुराने अनुभव के आधार पर प्रकरण की घटना को अंजाम देने वाला मुल्जिम विशाल उर्फ घोडी पुत्र प्रहलाद निवासी सब्जी मण्डी के पास गाँव कवाईसालपुरा जिला बांरा । हाल निवास दीपेन्द्र राजपुत के मकान मे किराऐ से चौथमाता मन्दिर के पास प्रेमनगर द्वितीय थाना उधोगनगर कोटा शहर को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी हुई राशि 45,30,800/- रुपये को बरामद किया गया तथा मुल्जिम से प्रकरण मे शामिल अन्य व्यक्तियो के बारे में जानकारी ली जा रही है व चोरी का माल बरामद हेतु विस्तृत अनुसंधान जारी है।

**गठित टीम :** रामलक्ष्मण गुर्जर पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना जवाहर नगर, गोपाल लाल उपनिरीक्षक, भुपाल सिंह सहायक उपनिरीक्षक, नरेंद्र सिंह हैड कानि , नरेन्द्र कानि , जीतराम कांस्टेबल , सुनील कांस्टेबल , गजेन्द्र कानि ., अवधेश कानि. थानाधिकारी थाना उधोग नगर जितेंद्र सिंह पुलिस निरीक्षक , देवेन्द्र कांस्टेबल , वेदवीर कांस्टेबल , रामस्वरुप कांस्टेबल ।

# गढ़बोर श्री चारभुजाजी पैदल यात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ ( संजय खाबिया)** सत्संग मंडल की अनवरत 31 साल से चल रही परंपरा अनुसार शहर से इस बार भी गढ़बोर श्री चारभुजाजी पैदल यात्रा रवाना हुई। जत्थे में इस बार 39 पदयात्री शामिल हुए। गांधीचौक से यात्रा के पहले पड़ाव झांतलामाताजी तक करीब 10 किमी के रास्ते में 20 से अधिक जगह पदयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। यह पदयात्रा नंदलाल ईनाणी, उद्धव दास रोगानी और दुर्गाशंकर शर्मा किला वालो ने 1995 से बाराबंकी हार्डिया कोल जंगल के महाराज स्वामी रामदास जी महाराज की प्रेरणा से शुरू की गई जो अनवरत जारी है। पदयात्री सहित अन्य श्रद्वालु सुबह तय समय गुरुवार सुबह 8 बजे गांधीचौक में एकत्र हुए। जहां सभी ने मुरलीधर मंदिर में सामूहिक दर्शन के साथ भजन गाते हुए ठाकुरजी को रिझाया। मंदिर के बाहर संक्षिप्त समारोह में पूर्व नगर परिषद चेयरमैन महेश ईनाणी, पार्षद हरीश ईनाणी,एडवोकेट सत्यनारायण ईनाणी, जयप्रकाश ईनाणी, माधव ईनाणी, मुरली ईनाणी, सुधीर समदानी, कन्हैया दास वैष्णव, ओमप्रकाश खटोड़ , रिटायर एडिसनल एसपी रतन खटीक सहित कई लोगों ने पदयात्रियों का अभिनंदन किया। कैप्टन सुरेश ईनाणी ने पैदल यात्रा संचालन करते हुए यात्रा शेड्यूल व रूट आदि की जानकारी दी। सत्संग व्यवस्थापक 84 वर्षीय उद्धवदास रोगानी व 64 वर्षीय भगवती प्रसाद शर्मा किले वाले समेत कई श्रद्वालु लगातार 31 वें साल पदयात्रा में शामिल हुए। गांधीचौक से रवानगी के साथ ही पदयात्रा के स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। मुकेश लोंगर ने बताया कि पदयात्री चाहे किसी उम्र का या पेशे से जुड़ा हो। सफेद कुर्ता, धोती के साथ सिर पर एक रंग की पगड़ी और गले का दुपट्टा ओढ़े रहा। पूरी यात्रा में इनका यही ड्रेस कोड रहता है। सेना से रिटायर कैप्टन और मार्बल उद्यमी सुरेश इनाणी दसवी बार पदयात्रा पर रवाना हुए।यात्रा का पहला पड़ाव कपासन मार्ग स्थित झांतला माताजी तक चलता रहा। करीब 20 से अधिक जगह लोगों व विविध संगठनों ने जत्थे को रोक रोककर आत्मीय स्वागत किया। इससे बाजार में फूलों की चादर बिछ गई। पदयात्री व साथ चल रहे श्रद्वालु चिरपरिचित भजनों के साथ श्री चारभुजा गढ़बोर नाथ छोगाला की जय जयकार करते चल रहे थे। बड़ी संख्या में परिजन व अन्य लोग झांतला माताजी तक विदा करने गए। यहां भोजन व विश्राम के बाद यात्रा दोपहर तीन बजे बाद बनाकिया के लिए रवाना हुई। पदयात्रा में सत्यनारायण बाथरा, गोविंद लोंगड, श्याम ईनाणी, केदारमल काबरा,मुकेश लोंगड, दीपक तोषनीवाल, रतन सहित 39 पदयात्री पदयात्रा में शामिल हुए।

# पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** पंजाबी समाज के अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने जानकारी देकर बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा के पंजाब सभा भवन मैं 1 मार्च रविवार को शॉपिंग सेंटर में में 31वा पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज रावतभाटा में पंजाबी समाज द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया इस पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन में पूरे देश भर से युवक युवती और उनके परिजन पहुंचते हैं कोटा पंजाबी समाज के अध्यक्ष कमल अलक्खा और सह सचिव संजीव सबरवाल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से 30 वर्षों में अब तक हजारों युवक युवती के रिश्ते शादी के बंधन में बंध चुके हैं पंजाबी समाज के युवक युवती को परिचय सम्मेलन के फार्म पंडित गुलशन शर्मा के घर पर मिलेंगे इस मौके पर समाज के रामलाल मलिक बलदेव माटा पंडित गुलशन शर्मा सुरेश छाबड़ा विकास अरोड़ा तिलक अरोड़ा रितेश छाबड़ा किशोरी लाल वधवा सनी छाबड़ा हर्षू छाबड़ा चंद्र मलिक तरुण छाबड़ा राजेश अरोड़ा सुनीता मानिक गीता अरोड़ा शिल्पा गुलाटी रिंका मानिक नीलम छाबड़ा आदि लोग मौजूद थे अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने सभी समाज बंधुओ का आभार जताया



# कोटा बिल्डिंग हादसे मे मृतकों के परिवारो का हंगामा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (जसराज सिंह भढ़ाना)** कोटा के इंद्रविहार इलाके में मुरादाबादी नॉन-वेज शॉप की खुदाई के चलते तीन मंजिला इमारत ढह गई थी इस हादसे में कोटा में कोचिंग कर रहे पश्चिम बंगाल निवासी 20 वर्षीय छात्र अरण्य , 15 वर्षीय किशोर लक्ष्मण की मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी मुरादाबादी शॉप मालिक की तलाश जारी है. इसके चलते आज गुरुवार को 15 वर्षीय किशोर लक्ष्मण के परिवार वाले और दिल्ली स्पाइस रेस्टोरेंट संचालक जाकिर आलम के परिवार के सदस्य ने आरोप लगाया कि मुरादाबादी शॉप मालिक बेफिक्र होकर अपनी दूसरी ब्रांच चला रहा है, जबकि उसी की खुदाई की वजह से दो मासूमों की जान चली गई। और दिल्ली स्पाइस रेस्टोरेंट के संचालक जाकिर भाई का पैर दुर्घटना में कट गया था । परिवार का कहना है कि घटना से हमारे परिवार की आजीविका पर संकट आ गया है इससे आहत होकर आज गुरुवार को पीड़ित परिवार के लोगों ने मिलकर जवाहर नगर क्षेत्र में मुरादाबादी की दूसरी ब्रांच पर जाकर तोड़फोड़ कि व हंगामा किया। पीड़ित परिवार का कहना है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा उनकी कोई मदद नहीं की गई और मुरादाबादी संचालक अब्दुल रजाक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई । इससे आकर्षित होकर लोगों ने दुकान में तोड़फोड़ की और ताला लगाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर थाना अधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया। आरोपी मुरादाबादी शॉप मालिक की तलाश जारी है. पीड़ित भूपेंद्र मीना की शिकायत पर जवाहर नगर पुलिस ने मुरादाबादी शॉप मालिक और निर्माण कराने वाले के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है आरोपी मोहम्मद दाऊद को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है. उसको न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए है. हालांकि वह कोटा के कुन्हाड़ी व जवाहर नगर में अपनी ब्रांच चला रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि ये जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, तब तक किसी भी ब्रांच को नहीं चलने दिया जाएगा । फिलहाल जवाहर नगर थाना पुलिस आरोपी अब्दुल रजाक की तलाश कर रही है

### मृतक स्टूडेंट की मां का काटना पड़ा पैर

मां सुदीप्ता कर्माकर की हालत गंभीर है और उनका एक पैर काटना पड़ा. रिटायर्ड इंजीनियर पिता अभिजीत कर्माकर ने बताया कि इलाज में भारी खर्च हो रहा है. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सुदीप्ता के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और परिवार को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

**जिंक कौशल केंद्र, चंदेरिया में 120 युवाओं का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित**

# ग्रामीण युवाओं के स्वरोजगार और रोजगार का मार्ग प्रशस्त कर रहे जिंक कौशल केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया)।** जिंक कौशल केंद्र, चंदेरिया में कौशल विकास प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए भव्य दीक्षांत (स्नातक) समारोह का आयोजन किया गया। जिंक कौशल केंद्र, चंदेरिया, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड एवं टाटा स्ट्राइव की साझेदारी से संचालित इस संयुक्त पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को निःशुल्क, उद्योग-केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्थायी रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र राहुल देव सिंह एवं हेड इंजीनियरिंग, चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्सी अनृत मुखर्जी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए युवाओं को निरंतर प्रशिक्षण रहने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा कौशल आधारित करियर जागरूकता के लिए प्रेरित किया। अनृत मुखर्जी ने जिंक कौशल केंद्र में प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के विस्तार तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण को बढ़ाने में विशेष रुचि व्यक्त की।

कार्यक्रम में हिन्दुस्तान जिंक से सुन्दर राज नायडू, अभय गौतम, जी मल्लेशम मनीषा भाटी, राधिका खिरिया एवं सीएसआर टीम, टाटा स्ट्राइव प्रदीप लिंगवत, राजदीप साहा, तृप्ति धनानिया, राजकुमार खत्री एवं जिंक कौशल केंद्र की सेंटर टीम भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। वर्ष 2025-26 में जिंक कौशल केंद्र, चंदेरिया में कुल 302 युवाओं ने "बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट (होटल मैनेजमेंट), असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं सोलर पीवी ड्राइंगर" ट्रेड्स में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया एवं वर्तमान में 67 युवा प्रशिक्षणरत हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ युवा विकास मॉड्यूल के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, व्यावसायिक शिष्टाचार, टीमवर्क, पेशेवर व्यवहार एवं साक्षात्कार तैयारी जैसे विषय शामिल किए गए हैं, जिससे प्रशिक्षु पूर्णतः रोजगार हेतु प्रशिक्षित हो सकें। समारोह के दौरान 9 पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता एवं प्रेरणात्मक अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रिंटिंग पार्टनर उभर के 7 वरिष्ठ प्रतिनिधि भी अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने जिंक कौशल केंद्र द्वारा प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं रोजगार परिणामों की सराहना की। उद्योग-संलग्न कौशल प्रशिक्षण एवं सीएसआर आधारित पहलें शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने में बेहद प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रम में 120 सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## धूमधाम से निकाली जायेगी पारंपरिक अलबेली महामूर्खाधिराज शोभायात्रा

### पहली बार शोभायात्रा में महिलाओं की विशेष एवं बड़ी सहभागिता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** होली महोत्सव के अंतर्गत मित्र मंडली तरुण समाज समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली पारंपरिक अलबेली 'महामूर्खाधिराज' शोभायात्रा के संदर्भ में समिति के कार्यकारी सदस्य अतुल मित्तल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष यात्रा का 53वां आयोजन है। इस ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत वर्षों पूर्व साधारण बुग्गियों पर की गई थी। समय के साथ इसमें निरंतर विस्तार होता गया और विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां जुड़ती चली गईं। आज स्थिति यह है कि इस भव्य शोभायात्रा में लगभग 25 से 30 आकर्षक एवं विविध विषयों पर आधारित झांकियां सम्मिलित होती हैं। इन झांकियों में बाल कलाकारों द्वारा अनोखे नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं, परंपरागत अंदाज में शमशानी होली खेली जाती है, रंग-गुलाल उड़ाते हुए उत्साहपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किए जाते हैं तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संदेश भी दिए जाते हैं। मुख्य बाजारों से होकर निकलने वाली यह यात्रा लगभग तीन घंटे तक नगर भ्रमण करती है, जिसे देखने के लिए भरतपुरवासी भारी संख्या में हजूम के रूप में एकत्रित होते हैं।



इस वर्ष 'महामूर्खाधिराज' की उपाधि से सम्मानित ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि नाम के अनुसार 'महामूर्ख' शब्द भले ही अलग प्रतीत होता हो, किन्तु यह उपाधि अत्यंत सम्मानजनक है, जो प्रतिवर्ष केवल एक ही ऐसे समाजसेवी व्यक्ति को प्रदान की जाती है जो जमीन से जुड़ा हुआ एवं समाजहित में समर्पित हो।

## भानु प्रताप का अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रिफ्रेशर कोर्स के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर ताइक्वांडो की सीनियर कोच निखिल तोमर ने बताया कि राजस्थान के एकमात्र अंतराष्ट्रीय रेफरी भानु प्रताप सिंह यादव का अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रिफ्रेशर प्रोग्राम के लिए चयन हुआ हैं। तोमर ने बताया वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम मे आयोजित 157वा वर्ल्ड ताइक्वांडो कयोरुगी अंतराष्ट्रीय रेफरी रिफ्रेशर कोर्स के लिए भरतपुर ताइक्वांडो सचिव व अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भानु प्रताप सिंह यादव का चयन हुआ हैं। वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा आयोजित इस कोर्स मे ताइक्वांडो के इस वर्ष के नये नियम के बारे में ट्रेनिग दी जायेगी। इस अवसर पर राजस्थान ताइक्वांडो के सचिव शाजाद खान ने शुभकामनाओं के साथ भानु प्रताप सिंह को वियतनाम के लिए रवाना किया ।

## श्याम बाबा का डोला भरतपुर वासियो का हाल-चाल जानने एवं स्नेह मिलन के लिए धूमधाम से निकला नगर भ्रमण पर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री श्याम बाबा संकीर्तन समिति द्वारा दानी श्री श्याम बाबा के पंच दिवसीय फाग महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन श्याम बाबा का डोला भरतपुर वासियो का हाल-चाल जानने एवं स्नेह मिलन के लिए नगर भ्रमण पर निकला। सर्वप्रथम श्याम बाबा की बिजली घर पर विधिवत पूजा अर्चना धर्म जागरण मंच के प्रांत प्रचारक अमर सिंह राजपुरोहित एवं उद्योगपति नवीन पाराशर तथा मंदिर महंत रोहित महाराज के कर कमलो द्वारा की गयी ।तदुपरांत बाबा के निशान की पूजा की गयी । बाबा की यात्रा बिजली घर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार में होते हुए मथुरा गेट ,चौबुर्जा ,लक्ष्मण मंदिर ,कोतवाली ,वासन गेट होते हुए बाबा श्याम मंदिर गांधी पार्क पहुंची ।बाबा की झांकी बड़ी मनमोहक और आकर्षक सजाई गयी जिसमें देसी और विदेशी फूलों का प्रयोग किया गया।।बाबा की यात्रा में सबसे आगे ईस्ट देव गणेश महाराज की झांकी चल रही थी उसके बाद राधाऋकृष्ण की झांकी नृत्य मुद्रा में अति लुभावन थी ।

मंदिर महंत रोहित जी महाराज ने सभी श्याम भक्तों को आशीर्वचन दिया महंत जी के आशीर्वचन के साथ बाबा शोभा यात्रा पूर्ण हुई।

# भरतपुर में जल भराव की समस्या का डॉ. गर्ग ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

## धीमी गति से सीएफसीडी के कार्य चलने पर डॉ. गर्ग ने किया असंतोष व्यक्त

## अब तक कितनी नालियों का कराया गया निर्माण कार्य-डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने राज्य विधानसभा में भरतपुर शहर में जलभराव की समस्या का ध्यानाकर्षण के जरिये मुद्दा उठाते हुये सीएफसीडी के धीमी गति से हो रहे कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुये सवाल किया कि पिछले तीन वर्षों में भरतपुर में कितने किलोमीटर लम्बी नालियों का निर्माण कराया गया। जिस पर स्वायत्त शासन मंत्री ने जबाव देते हुये कहा कि करीब 300 किलोमीटर बनने वाली नालियों में से 10.865 किलोमीटर लम्बाई की नालियों का निर्माण कराया जा चुका है। द्वितीय फेज में करीब 192 किलोमीटर नाले-नालियों की डीपीआर बनवाकर फंड की उपलब्धता के अनुसार टेण्डर किये जा रहे हैं।

डॉ. गर्ग द्वारा जलभराव की समस्या के समाधान के लिये नालियों के निर्माण का कब तक कार्य कराने के पूछे गये सवाल का जबाव देते हुये मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि बीडीए द्वारा शहर का मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार कर प्राधिकरण की बैठक में अनुमोदित किया जा चुका है। उन्होंने शहर की विजय नगर, रूद्र नगर, जसवंत नगर, सेवर, गणेश नगर, राधा नगर, आनन्द नगर, स्टेडियम नगर, गांधी नगर सहित अन्य क्षेत्रों में जल भराव से उत्पन्न स्थिति का निदान कराने के लिये भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये मास्टर ड्रेनेज प्लान की जानकारी देते हुये कहा कि प्रथम फेज में 282.07 करोड रुपये की स्वीकृत राशि में से 127.32 करोड रुपये के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जिसमें अब तक करीब 25 किलोमीटर के मुख्य ड्रेनेज के कार्य में से 10 किलोमीटर के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा मुख्य डेञ्जेज के कार्य पूर्ण होने के बाद माइनर कार्य यथा नाले-नालियों के कार्य शुरू कराये जायेंगे।



उन्होंने कहा कि द्वितीय फेज में करीब 192 किलोमीटर नाले-नालियों की डीपीआर बनवाकर फंड की उपलब्धता के अनुसार टेण्डर किये जा रहे हैं। उन्होंने सदन में भरतपुर डेञ्जेज सिस्टम में सुधार लाने के लिये किये जा रहे निर्माण कार्यों को भी बताते हुये कहा कि मंडी परिसर में डेञ्ज का निर्माण कार्य 3 करोड 7 लाख, किसान भवन से कुम्हेर गेट सीएफसीडी तक डेञ्ज का निर्माण कार्य 4 करोड 97 लाख, मथुरा बाईपास से गोलपुरा चौराहे से अखड्ड तिराहे होत हुये मंडी गेट तक डेञ्ज का निर्माण कार्य 18 करोड 32 लाख, मथुरा बाईपास से रॉयल हेरिटेज से सीएफसीडी तक डेञ्ज के निर्माण कार्य 21 करोड 68 लाख तथा मथुरा बाईपास से कुम्हेर गेट तक डेञ्ज निर्माण कार्य 16 करोड 75 लाख, मथुरा बाईपास से गोलमोल बगीची तक डेञ्ज का निर्माण कार्य 11 करोड 77 लाख, मंडी गेट से आरएनएफसी तक डेञ्ज का निर्माण कार्य 6 करोड 57 लाख , एलबी शास्त्री नगर मुख्य सडक मार्ग एवं लिंक गलियां 2 करोड 99 लाख रूपये के कार्य आदेश हो चुके हैं तथा गोलमोल बगीची से तोप सर्किल होते हुये सीएफसीडी तक डेञ्ज के निर्माण कार्य के लिये करीब 10 करोड 12 लाख रुपये के कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन है।

## नौंह में अवैध निर्माण पर बीडीए की कार्यवाही 1.04 हैक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बीडीए द्वारा ग्राम नौंह में अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध कार्यवाही कर 1.04 हैक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। भरतपुर विकास प्राधिकरण के तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा प्राधिकरण के पैरा फैरी क्षेत्र अधीन ग्राम नौंह स्थित आराजी खसरा नम्बर 2623, 2624, 2625 व 2628 में किये जा रहे नवीन अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण के निरोधक दस्ते द्वारा ग्राम नौंह में जेसीबी मशीन से अवैध रूप से की जा रही प्लांटिंग में 1.04 हैक्टेयर भूमि पर से लगभग 10 भूखण्डों को ध्वस्त कराया गया। मौके पर अतिक्रमियों को नियमानुसार भू-उपयोग सपिरवर्तन करा लेआउट अनुमोदित्त कराने बाबत समझाईश की गई। प्राधिकरण की नियत कार्य योजना अनुसार इस प्रकार के अन्य अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



मौके पर तहसीलदार भरतपुर विकास प्राधिकरण, भू.अभि. निरीक्षक तथा पटवारीयान द्वारा मौके पर मौजूद रहकर अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही की गई।

### राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024

## औद्योगिक प्रकरणों पर हुई जिला स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के अंतर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र को प्राप्त एक औद्योगिक प्रकरण को अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में गुरूवार को कलक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। एडीएम सिटी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उद्योग क्षेत्र में लंबित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण करने तथा पात्र उद्यमियों को योजना से अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के माध्यम से जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिल रहा है। बैठक में मै. श्रीसितारा इंडस्ट्रीज, 46 बी ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, भरतपुर को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक चन्द्रमोहन गुप्ता ने बताया कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में ईकाई द्वारा 7 वर्षों तक विद्युत शुल्क में शत-प्रतिशत छूट,



मंडी, मार्केट शुल्क का शत-प्रतिशत पुनर्भरण का आवेदन किया है। उन्होने बताया कि फर्म द्वारा स्थानीय कर्मचारियों हेतु नियोक्ता अंशदान का 50 प्रतिशत पुनर्भरण, 10 वर्षों तक जमा राज्य कर का 75 प्रतिशत निवेश अनुदान व ब्याज अनुदान तथा अधिकतम 1.5 करोड़ रुपये तक पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान प्रदान किए जाने का दावा किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इकाई द्वारा 11 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

बैठक में योजना के अंतर्गत स्टाम्प ड्यूटी एवं कन्वर्जन चार्जेज छूट से संबंधित पात्रता प्रमाण पत्रों का भी अनुमोदन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्य सचिव द्वारा एमएसएमई इकाइयों तथा सोलर पावर प्लांट इकाइयों के लिए जारी 11 पात्रता प्रमाण पत्र समिति के समक्ष रखे गए। जिनमें सोलर प्लांट, स्टोन, होटल एवं स्टोन ग्रिट/डस्ट इकाइयों से संबंधित औद्योगिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। इस दौरान सीटीओ रोहिताश मीना, क्षेत्रीय प्रबन्धक रीको नरेश वर्मा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी सूर्यकांत पांडे, विद्युत विभाग से केके वर्मा, अवधेश अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कालीबाई भील उड़ान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से भरतपुर एवं डीग जिलों के सभी नोडल अधिकारियों के साथ कालीबाई भील उड़ान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। उन्होंने योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं में सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति के बाद नोडल अधिकारियों द्वारा अपनी जांच समिति के माध्यम से नैपकिन का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। सत्यापन के पश्चात् चालान के माध्यम से संबंधित सीडीपीओ, सीबीईओ एवं डीडीसी द्वारा ई-औषधि पोर्टल एवं शाला दर्पण पोर्टल पर रिवर्स एंट्री की जाए। आपूर्तिकर्ता द्वारा चालान के प्रमाणीकरण के उपरांत इनवॉइस, क्रय आदेश की प्रति एवं क्यूसी टेस्ट रिपोर्ट की प्रति जिला परियोजना समन्वयक को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया तथा सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे योजना के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह द्वारा संबंधित नोडल विभागों आईसीडीएस, स्कूल शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जनजाति मामलात एवं अल्पसंख्यक मामलात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विभागीय अधिकारियों के माध्यम से वितरण केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण रिपोर्ट उप निदेशक, महिला अधिकारिता, भरतपुर को तत्काल उपलब्ध कराएं।

उप निदेशक, महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बैठक में बताया कि कालीबाई भील उड़ान योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं को संबंधित



वितरण केंद्रों के माध्यम से प्रति माह 2 पैकेट सेनेटरी नैपकिन निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह योजना महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं माहवारी स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। वीसी के दौरान डीग, भरतपुर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी जुड़े।

# होली के त्यौहार पर करें प्राकृतिक, हर्बल रंगों का उपयोग - डॉ. असित श्रीवास्तव

### किसी को कोई भी नुकसान ना हो और आप त्यौंहार को हॅसी-मजाक के साथ मनाते हुये इसका भरपूर आंनद ले

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** होली का पर्व हमारा प्राचीन समय से लोकप्रिय रंगों का त्योहार है, जो फाल्गुन मास की पूर्णिमा को वसंत ऋतु में मनाया जाता है। यह बुराई पर अच्छाई (होलिका दहन) की जीत, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, मिठाइयां बांटकर और गले मिलकर पुरानी कटुता भूलकर खुशियां मनाते हैं। यह त्योहार न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है, जो एकता और भाईचारे का संदेश देता है। प्राचीन समय में होली प्राकृतिक फूलों (जैसे पलाश,टेसू, गेंदा) और जड़ी-बूटियों से रंग बनाकर खेली जाती थी, जो त्वचा के लिए सुरक्षित, सुगंधित और पर्यावरण के अनुकूल होती थी। पलाश के फूलों को सुखाकर या पानी में उबालकर गहरा केसरिया, लाल रंग तैयार किया जाता था, जो औषधीय गुणों से भरपूर होता था। उक्त जानकारी चर्म रोग विशेषज्ञ एवं डिप्टी सीएमएचओ डा0 असित श्रीवास्तव ने दी। डा0 असित श्रीवास्तव ने बताया कि आज के समय में बाजारों में उपलब्ध रंग कैमिकल युक्त होते है क्योंकि ये सस्तें व आसानी से बन जाते है। यह कैमिकल आधारित रंग शरीर की त्वचा को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाते है। इस संबंध में अधिक जानाकरी देते हुये डॉ0 असित श्रीवास्तव उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) भरतपुर ने बताया कि लाल रंग मर्करी सल्फेट, काला रंग लैड



आक्साइड, हरा रंग कॉपर सल्फेट, और नीला रंग कोबाल्ट नाइट्रेट या कॉपर थैलोसायनिन, सिल्वर कलर एल्युमिनियम ब्रोमाइड से बनाये जाते है।

### त्वचा पर कैमिकल युक्त रंगो का प्रभाव-

डा0 असित श्रीवास्तव ने बताया कि त्वचा पर केमिकल युक्त होली के रंगों के प्रयोग से एलर्जी, जलन, खुजली, रैशेज और रूखापन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन रंगों में लेड, मरकरी और अन्य औद्योगिक रसायनों के कारण त्वचा लाल हो सकती है, काले धब्बे पड़ सकते हैं एवं बालों का झडना आदि हो सकते हैं। यह हानिकारक टॉक्सिन्स शरीर में भी जा सकते हैं। केमिकल रंगों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर, एक्जिमा (मब्रमउं), और डर्मेटाइटिस (कमतउंजपजपे) जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

### होली खेलने से पहले बचाव के उपाय

सुरक्षात्मक परत बनाएँ- त्वचा पर नारियल का तेल, बादाम का तेल या सरसों का तेल अच्छे से लगाएँ। यह एक बैरियर की तरह काम करता है जिससे रंग त्वचा के अंदर नहीं समाते। सनस्क्रीन का प्रयोग- बाहर निकलने से पहले कम से कम एसपीएफ 30 वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएँ ताकि धूप और रंगों के मिश्रण से होने वाली टैनिंग और जलन से बचाव हो सके। कपड़ों का चुनाव- शरीर को अधिक से अधिक ढकने के लिए फुल-स्लीव और आरामदायक सूती कपड़े पहनें।

### होली खेलने के बाद ध्यान रखने योग्य टिप्स-

सौम्य सफाई-रंगों को हटाने के लिए बहुत अधिक साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल न करें। हल्के गुनगुने पानी और जेंटल क्लीन्जर का प्रयोग करें। प्राकृतिक उपाय- बेसन, दही और शहद का पेस्ट बनाकर लगाने से रंग धीरे-धीरे और सुरक्षित तरीके से निकल जाता है। मॉइस्चराइज करें- रंग छुड़ाने के बाद त्वचा सूख सकती है, इसलिए एलोवेरा जेल या कोई अच्छा मॉइस्चराइजर तुरंत लगाएँ।

# एडीएम सिटी का महिला अधिकारिता कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण

## अकारण अनुपस्थित कार्मिकों पर कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने गुरुवार प्रातः 10:15 बजे उपनिदेशक, महिला अधिकारिता कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उपनिदेशक, महिला अधिकारिता राजेश कुमार कार्यालय में उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कलक्टर द्वारा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक लेखाधिकारी प्रथम ओमप्रकाश मीना, सूचना सहायक रोहिताश सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी माधोसिंह एवं वरिष्ठ सहायक लोकेन्द्र शर्मा अनुपस्थित पाए गए।

उपस्थिति पंजिका के अनुसार ओमप्रकाश मीना, रोहिताश सिंह एवं माधोसिंह 24 फरवरी 2026 से लगातार अकारण अनुपस्थित हैं। इस पर अतिरिक्त कलक्टर ने उपनिदेशक, महिला अधिकारिता को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को अकारण अनुपस्थिति के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन एवं उत्तरदायित्व सर्वोपरि है तथा आमजन से जुड़े कार्यों में



किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर लंबित कार्यों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त कार्यालय में बिखरे हुए राजकीय रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से सूचीबद्ध कर क्रमानुसार संधारित एवं साफ-सफाई करने के भी निर्देश दिए गए।

# सेवा की स्याही से लिखा भरोसे का नाम : डॉ. शोएब अहमद

## इलाज से आगे बढ़कर इंसानियत का मरहम, यूनानी चिकित्सा से सैकड़ों को नई जिंदगी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** शहर के नगर परिषद रोड स्थित चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय परिसर में संचालित यूनानी चिकित्सालय के यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोएब अहमद ने अपनी निष्काम सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता से आमजन के दिलों में अलग पहचान बनाई है। उनका कार्य केवल दवाइयों तक सीमित नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता के लिए उम्मीद की उजली किरण बनकर सामने आया है असाध्य माने जाने वाले रोगों में भी दिलाई राहत प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. शोएब अहमद ने कई गंभीर एवं लंबे समय से परेशान कर रहे रोगों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इनमें त्वचा रोग,बिना ऑपरेशन घुटनों का दर्द, गठिया, श्वसन संबंधी बीमारियां, गुर्दे की पथरी, टाइफाइड, लिवर एवं पेट संबंधी रोग जैसी समस्याओं का यूनानी पद्धति से प्रभावी उपचार शामिल है। उनके उपचार से सैकड़ों मरीजों को राहत और विश्वास मिला है।

### इलाज के साथ अपनापन -यही पहचान

ब्यावर में अपने कुछ वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने केवल रोग नहीं मिटाए, बल्कि रिश्ते भी बनाए। मरीजों के प्रति उनका धैर्य, सहज संवाद और संवेदनशील व्यवहार उन्हें एक लोकप्रिय चिकित्सक के रूप में स्थापित करता है। कई मरीज उन्हें डॉक्टर नहीं, बल्कि परिवार का सदस्य मानते हैं।

### सामाजिक सरोकारों में भी आगे

चिकित्सा सेवा के साथ डॉ. शोएब अहमद सामाजिक दायित्व निभाने में भी अग्रणी हैं। हाल ही में उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत आयुष चिकित्सालय को आईआर लैंप भेंट कर सेवा का एक और उदाहरण पेश किया। जरूरतमंदों के लिए सहयोग और स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है।

### सेवा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक

निष्काम सेवा, निष्ठा और करुणा से ओत-प्रोत डॉ. शोएब अहमद आज केवल एक चिकित्सक नहीं, बल्कि आमजन के विश्वास का पर्याय बन चुके हैं। उनका व्यक्तित्व यह साबित करता है कि जब चिकित्सा में संवेदना जुड़ जाती है, तो इलाज केवल शरीर ही नहीं, दिलों को भी स्वस्थ कर देता है।

# मोदी आगमन को लेकर जोश, पोस्टर विमोचन के साथ दिया निमंत्रण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर आगमन को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है। कार्यक्रम को विशाल व भव्य बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया के नेतृत्व में सुभाष सर्किल, अजमेरी गेट पर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान शहरवासियों को अक्षत बांटकर सभा में पधारने का आमंत्रण दिया गया और 'अजमेर चलो' व 'नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए गए कार्यक्रम में आमजन ने मोदी के आगमन को लेकर उत्साह जताते हुए 28 फरवरी को अजमेर आने का मानस व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद, पदाधिकारी, पूर्व पार्षद व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम में ईश्वर तंवर, शशि सोलंकी, नरेंद्र चौहान, बबलू चौहान, हंसराज शर्मा, सुनीता भाटी, अमित बंसल, अंगद राम अजमेरा, भूपेंद्र भोजक, रामसिंह, मनीष मेहता, सुरेन्द्र सोनी, संजय घीया, राधेश्याम प्रजापति, ललिता जालान, मुकेश गर्ग, वीरेंद्र यादव, नौरत सोलंकी, सुमित जूलीयस, रेखा कुमावत, श्रवण जी, अनिल पंडित, प्रवीण शर्मा, संदीप चौहान, राजू प्रजापत, आयुष सोनी, अंकित वशिष्ठ, महावीर सेन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेधावी कनिष्का को स्कूटी मिलने पर महाविद्यालय में सम्मान, खुशी का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर स्थित दयानंद आर्य बालिका महाविद्यालय में गुरुवार को मेधावी छात्रा कनिष्का फुलवारी के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कला संकाय तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर की छात्रा कनिष्का, सुपुत्री रामदेव फुलवारी को सत्र 2023-24 में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की ओर से काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्राप्त हुई इस अवसर पर गोदावरी आर्य कन्या शिक्षण समिति के सचिव अभय देव आर्य, आर्य समाज ब्यावर के मंत्री राजेंद्र काबरा तथा महाविद्यालय सचिव ब्रजेश मालू ने कनिष्का को '?' का दुपट्टा ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। समारोह में छात्रा के चाचा भगवान फुलवारी व यमन फुलवारी भी उपस्थित रहे। आर्य समाज पदाधिकारियों, महाविद्यालय स्टाफ व सहपाठी छात्राओं ने कनिष्का को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**भीलवाड़ा में सजा सनातन का महाकुंभ, धर्मसत्ता के साथ राजसत्ता का संगम**

# 'जीओ और जीने दो' ही सनातन संस्कृति की मूल विचारधारा- मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने सनातन मंगल महोत्सव व दीक्षा दान समारोह में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में गुरुवार को हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह ऐतिहासिक बन गया। देशभर से पधारे महामंडलेश्वर, श्रीमहंतों एवं संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को 'मिनी महाकुंभ' का स्वरूप प्रदान किया। समारोह की अध्यक्षता उदासीन कार्ष्णि पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी गुरुशरणानंद महाराज (रमणरेती, मथुरा) ने की, जबकि हरिशेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेशनाथ महाराज की विशिष्ट उपस्थिति ने धर्मसत्ता और राजसत्ता के संगम को साकार किया।



### तीन दीक्षार्थियों ने ग्रहण की संत दीक्षा

समारोह में ब्रह्मचारी इन्द्रदेव, कुनाल एवं सिद्धार्थ को उदासीन अखाड़े की सनातनी संत दीक्षा प्रदान की गई। दीक्षा उपरांत उनके सन्यासी नाम क्रमशः ईशानराम उदासीन, केशवराम उदासीन एवं सुयज्ञराम उदासीन घोषित किए गए। भगवा वस्त्र धारण कर गुरुमंत्र एवं आश्रम चिन्ह प्राप्त करते ही पंडाल 'सनातन धर्म की जय' के जयघोष से गूंज उठा।

### उज्जैन सिंहस्थ का दिया आमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में संतों की उपस्थिति इन्द्रलोक को भी लज्जित करने वाला दृश्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना हो रही है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश विश्वभर में फैल रहा है।

### राजस्थान और मध्यप्रदेश- राम परंपरा का सांस्कृतिक संगम

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राजस्थान और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक एकता का उल्लेख करते हुए कहा कि 'रा' से राजस्थान और 'म' से मध्यप्रदेश को जोड़ें तो यह राम परंपरा की स्मृति को जागृत करता है। यह केवल भाषाई संयोग नहीं, बल्कि साझा आस्था, इतिहास और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत एक-दूसरे से जुड़ी हुई है और भगवान राम की मर्यादा तथा सनातन मूल्यों से प्रेरित है।

### एक संगत, एक पंगत का संदेश

आठ दिवसीय आयोजन में जाति-वर्ग से ऊपर उठकर 'एक संगत, एक पंगत' की भावना को साकार किया गया। जजमान से दक्षिणा स्वरूप केवल एक रुपये का सिक्का और श्रीफल स्वीकार किया गया। समापन पर अग्रवाल उत्सव भवन में विशाल समष्टि भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस भव्य आयोजन ने भीलवाड़ा को पुनः धर्मनगरी के रूप में स्थापित करते हुए सनातन एकता और आस्था का नया अध्याय रचा।

# जिला चित्तौड़गढ़ के श्रमिकों के लंबित भुगतान का मुद्दा विधानसभा में उठा

## पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने नियम 295 के तहत रखा विशेष उल्लेख प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान


**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विधानसभा में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव प्रस्तुत कर जिला चित्तौड़गढ़ के श्रमिकों के लंबित भुगतान का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, चित्तौड़गढ़ के एसएनए पोर्टल पर भुगतान अटकने के कारण जिले के हजारों श्रमिकों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक कृपलानी ने बताया कि वर्ष 2022-23 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 11,855 आवेदन प्राप्त हुए थे,



जिनमें से 6,329 आवेदनों का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 5,529 आवेदनों का भुगतान अब भी लंबित है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है और श्रमिकों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि कोषालय द्वारा बिल भुगतान के दौरान यदि किसी एक आवेदन के बैंक खाते का विवरण—जैसे खाता संख्या या आईएफएससी कोड त्रुटिपूर्ण होता है, तो संपूर्ण बिल का भुगतान रुक जाता है। इसी कारण करोड़ों रुपये की राशि स्न्न पोर्टल पर अटकी हुई है और श्रमिक अपने हक के भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

कृपलानी ने बताया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा 'निर्माण श्रमिक' अथवा 'निर्माण कार्य में नियोजित' पंजीकृत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती हैं। इनमें सामान्य दुर्घटना सहायता, प्रसूति सहायता, शिक्षा सहायता, कौशल विकास तथा टूल किट योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिकों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है, लेकिन भुगतान में देरी से योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर लंबित भुगतान की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि चित्तौड़गढ़ जिले के श्रमिकों को उनका बकाया भुगतान जल्द से जल्द मिल सके और उन्हें राहत प्रदान हो सके।

# सोफिया कॉलेज में वार्षिक अंग्रेज़ी नाटक का सफल मंचन




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** सोफिया कॉलेज अजमेर के नाट्य क्लब स्पेक्ट्रम द्वारा वार्षिक अंग्रेज़ी नाटक का सफल मंचन गुरुवार को कॉलेज के सभागार में किया गया। इस वर्ष प्रस्तुत नाटक ' दी कॉमेडी अबाउत स्पिएस था, जो प्रसिद्ध नाटककार हेनरी लेविस और हेनरी शीलड्स द्वारा रचित एक लोकप्रिय हास्य-फार्स है। नाटक का निर्देशन बी.ए. भाग-तृतीय की छात्राएँ सृष्टि जोराम और श्वेता भाकर ने किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सिस्टर पर्ल ने बताया की वार्षिक अंग्रेज़ी नाटक सदैव अभिनय प्रतिभा, सृजनात्मक कल्पना, सुदृढ़ संगठन क्षमता और साहित्य को कलात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस नाटक ने दर्शकों को जासूसी, रहस्य, रोमांच, हास्य और मानवीय भावनाओं की दुनिया में ले जाकर उन्हें भरपूर मनोरंजन प्रदान किया। इस नाट्य प्रस्तुति में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के 80 से अधिक विद्यार्थियों (कलाकार एवं तकनीकी दल सहित) ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक दर्शकों की उपस्थिति रही, जिनमें विभिन्न विषयों के विद्यार्थी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, प्राध्यापकगण तथा अन्य गणमान्य अतिथि सम्मिलित थे। यह आयोजन पूर्णतः छात्र-नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसने न केवल रंगमंच की जीवंतता को प्रदर्शित किया, बल्कि साहित्य को मंच पर साकार रूप देकर उसे एक नई ऊर्जा प्रदान की।

कार्यक्रम ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया।

# अजमेर में लगे 'मोदी गो बैक' के नारे...

## यूथ कांग्रेस ने पीएम मोदी के अजमेर दौरे को लेकर किया विरोध प्रदर्शन





बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** युवा कांग्रेस द्वारा मोदी के अजमेर आने के कार्यक्रम का विरोध कर पुतला जलाकर 'मोदी वापस जाओ' के नारों के साथ प्रदर्शन किया। अजमेर में पीएम मोदी के दौरे को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में पुतला दहन किया और 'मोदी वापस जाओ', 'प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं' तथा 'नरेंद्र मोदी आत्मसमर्पण करो' जैसे नारों के साथ उग्र प्रदर्शन कर अपनी नाराज़गी दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि हाल ही में मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन में किए गए प्रदर्शन के विरोध में, देश की छवि का बहाना बनाकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जेल भेज दिया गया। इसके विरोध में युवा कांग्रेस ने अजमेर जिला मुख्यालय पर नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर 'प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं' के नारों के साथ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट की बैरिकेडिंग पर चढ़कर 'नरेंद्र मोदी आत्मसमर्पण करो' और 'डरपोक मोदी' जैसे नारे लगाते रहे। मल्होत्रा ने मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री से सवाल किया कि जब ट्रम्प द्वारा हमारे देश के प्रधानमंत्री को धमकाया जा रहा था तब देश की छवि कहां गई? जब देश में किसान आंदोलन के दौरान हजारों किसान मर रहे थे तब देश की छवि कहां थी? मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा था और पूरा प्रदेश जल रहा था तब देश की छवि कहां थी? जब देश की स्वर्ण पदक विजेता महिला पहलवान विनेश फोगाट द्वारा भाजपा सांसद पर महिला उत्पीड़न का आरोप लगाया गया और सरकार पर उस सांसद को बचाने का आरोप लगा, तब देश की छवि कहां थी? नरवणे की किताब में मोदी द्वारा चीनी सेना के सामने डर जाने के कथित खुलासे पर देश की छवि कहां गई थी? विरोध प्रदर्शन में अकबर हुसैन, फारूक खान, संजय मेघवंशी, शोएब अख्तर, रजनीश गुर्जर, हनीश मारोठिया, मुनींद्र मीणा, पंकज बैरवा, सद्दाम चीता, राजवीर गुर्जर, फैजान हैदर, शब्बीर चीता, गर्व दत्त शर्मा, विक्रम चौहान, अंकित पंवार, अम्बे शंकर, राहुल रायसवाल, पार्थिक टोनी, लक्की जैन, तिपाशा खींची, कविता कहार, हेमंत पाल, शाहबाज खान, अमित जैन, लोकेश राजोरिया, ओमेश पंवार, ओमप्रकाश मंडावरा, सागर गोदियाल, मनीष सैन, सलमान चीता, प्रशांत चौहान, यश बुंदेल, प्रशांत कुमार, प्रिंस प्रजापत, इरफान खान, अकबर काठात, सोहेल खान, सबराज खान, मोहम्मद अजहर, मुस्तकीम शेख, अभिषेक रावत, राहुल गुर्जर, अभिनव पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं पर शासन से वार्ता, जल्द समाधान का भरोसा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शासन सचिव (शिक्षा) कृष्ण कुणाल व निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट से मुलाकात कर त्वरित समाधान की मांग की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में हुई वार्ता में स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगतियों सहित कई मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह चौहान व जिला मंत्री श्यामलाल तोलंबिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने कंप्यूटर अनुदेशक कैडर सुदृढ़ीकरण, ग्रीष्मावकाश बकाया वेतन भुगतान, नए जिलों के गठन से प्रभावित वरिष्ठता-पदोन्नति विकल्प, एमएसीपी प्रकरणों के निस्तारण, पत्राचार बीएड इंटर्नशिप वेतन, क्रमोन्नत विद्यालयों में पद आवंटन जैसे मुद्दों पर मांग रखी। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि स्टाफिंग पैटर्न लागू करने, ऋज्ञश्व प्रावधानों में संशोधन, तृतीय श्रेणी से वरिष्ठ अध्यापक पदों पर डीपीसी, महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों पर निर्णय, तथा विद्यालयों को ष्ट्स्न सहित विभिन्न मदों की राशि जारी करने पर सकारात्मक सहमति बनी संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि मार्च में विद्यालयों को वित्तीय मदों की राशि जारी होगी तथा नवीन जिलों के कारण उत्पन्न पदोन्नति विसंगतियों का समाधान कर शिक्षकों को राहत मिलेगी। वार्ता में प्रदेश व जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक कोठारी द्वारा अमृत-2 सीवरेज कार्यों पर विधानसभा में बोलते ही प्रशासन आया हरकत में ,सड़क निर्माण कार्य किया शुरू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी द्वारा राजस्थान विधानसभा में अमृत-2 योजना के तहत चल रहे सीवरेज कार्यों को लेकर सदन के पटल पर गंभीर प्रश्न उठाते ही प्रशासन हरकत में आ गया और क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़कों को लेकर आमजन में रोष व्याप्त था, जिस पर विधायक द्वारा सदन में आवाज उठाए जाने के बाद संबंधित विभागों ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही शुरू की। विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए विधायक कोठारी ने अमृत-2 योजना के तहत भीलवाड़ा शहर में चल रहे सीवरेज कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों, बढ़ती दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाओं पर सरकार से जवाब मांगा। विधायक कोठारी ने कहा कि अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज कार्य करवाने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़कों को खोदने के बाद समय पर पुनर्निर्माण नहीं किया गया। नियमानुसार 45 दिनों में सड़कों की मरम्मत हो जानी चाहिए थी, लेकिन आठ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कई प्रमुख मार्ग अब भी जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने जिन प्रमुख सड़कों की दुर्दशा का उल्लेख किया, उनमें मिर्ची मंडी रोड, पुराना आरटीओ रोड, गांधीनगर गणेश मंदिर रोड, सुखाड़िया सर्कल, शारदा चौराहा से चारभुजा रोड तथा 100 फीट रोड शामिल हैं। विशेष रूप से 100 फीट रोड की स्थिति अत्यंत खराब बताई गई, जहां एक ओर की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से आवागमन एक ही दिशा में हो रहा है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और जनहानि तक की घटनाएं सामने आई हैं। विधायक कोठारी ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम आयुक्त से चर्चा करने पर उन्हें जानकारी दी गई कि सीवरेज कार्यों से जुड़ी पत्रावली स्न्नक्क वेरिफिकेशन के लिए डीएलबी में लंबित है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो कार्य 45 दिन में पूर्ण होना था, वह आठ माह बाद भी अधूरा क्यों है और इसके लिए जिम्मेदार कौन है - नगर निगम के अधिकारी या संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी? उन्होंने दोषी अधिकारियों या कंपनी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की वहीं आज उक्त प्रस्ताव के बाद प्रशासन द्वारा सड़कों का पुनर्निर्माण प्रारंभ हो गया है।





## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की अगवानी
## राष्ट्रपति का अभिनंदन और स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जैसलमेर हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अगवानी की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति का राजस्थान आगमन पर भावभरा अभिनंदन और स्वागत किया।

# राजस्थान विधानसभा में घमासान जारी
## कांग्रेस विधायकों ने कार्यवाही का बहिष्कार किया

### स्पीकर ने एमएलए श्रवण कुमार को बोलने से रोका, जूली बोले- अनुमति देकर सदस्य की बेइज्जती की गई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के बोलने की मंजूरी रद्द करने के मामले पर जमकर हंगामा हुआ। भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा।

सभापति ने पहले श्रवण कुमार को बोलने की अनुमति दे दी, इसके बाद वे अनुदान मांगों पर बोलने लगे। इसी बीच स्पीकर वासुदेव देवनानी सदन में आए और श्रवण कुमार को बोलने से रोकते हुए कहा कि मैंने पहले ही आपको आज मना किया था, आप छह दिन से बोल रहे हैं, आपको बाद में बोलने की अनुमति दे देंगे, लेकिन आज नहीं। मैं अपने आदेशों की अवहेलना सहन नहीं करूंगा।

इस घटना के बाद अनुदान मांगों पर बहस जारी रही। डग विधायक कालूराम बोल रहे थे, तभी नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए श्रवण कुमार के बोलने की अनुमति वापस लेने को गलत बताते हुए विधायक का अपमान बताया। इस पर सरकारी मुख्य सचेतक ने आपत्ति जताई।

जूली ने कहा कि हम आप लोगों की मेहरबानी से नहीं है। अनुमति देकर सदस्य की बेइज्जती की गई, यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर इस तरह से ही दादागिरी से ही हाउस चलाना है तो चला लीजिए, यह तरीका नहीं होता। इस दौरान जमकर नोकझोंक हुई।

शाम को 7:27 पर विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू होने पर अनुदान मांगों पर बहस आगे बढ़ी। नाराज कांग्रेस विधायक सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करके चले गए। अब कांग्रेस विधायकों के बिना ही अनुदान मांगों पर बहस चल रही है। इससे पहले अनुदान मांगों पर बहस के दौरान डोटासरा ने सरकार और मंत्रियों पर तल्ख लहजे में आरोप लगाए। इस दौरान सदन में कई बार हंगामे के हालात बने। डोटासरा की शिक्षा, पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल से जमकर नोकझोंक हुई।

डोटासरा ने कहा- एसआईआर में जब आपके मुताबिक लिस्ट नहीं आई तो पुरानी लिस्ट से पंचायत चुनाव करवाना चाहते हैं। एसआईआर में बेईमानी नहीं कर सके। इस पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने आपत्ति करते हुए कहा कि इन्हें पता ही नहीं है, यह लिस्ट अलग होती है। हम जीत कर आएंगे। डोटासरा ने कहा कि सड़क से सदन तक लड़ेंगे, इन बेईमानों का पंचायत चुनाव और नगर निगम में सूपड़ा साफ करके रहेंगे।

पटेल बोले- बिड़ला ऑडिटोरियम में क्या हुआ? जोगाराम पटेल ने कहा- आप लोग कितने दिन होटलों बंद रहे, बिड़ला ऑडिटोरियम में क्या भाषण हुए, यह हमारा कल्चर में नहीं है। डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा- बिरला ऑडिटोरियम को छोड़ो, आपने खुद जोधपुर में कहा था जब एयरपोर्ट में घुसने नहीं दिया था, तब कहा था जो टॉप तक 1 लाख देता है, वही अंदर जा सकता है। मेरा नाम गोविंद डोटासरा है, सांस भी निकाल लिया तो चौकड़ी भूला दूंगा।

दिलावर बोले- अभी तो 2000 करोड़ का मिड डे मील का मामला अटका हुआ है डोटासरा पर पलटवार करते हुए मदन दिलावर ने कहा- चौकड़ी कौन भूलेगा, अभी तो 2000 करोड़ का मिड डे मील का मामला अटका हुआ है।

आ रहा है फंदा। डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा- मिड डे मील की जांच का स्वागत है। मंत्रीजी, आप पर 14 केस हैं, 14 में से 6 केस में हाईकोर्ट से जमानत पर हो। आपका पूरा लेकर आया हूं, जमानत पर नहीं होते तो आज जेल की सलाखों के पीछे होते।

## पीएम मोदी ने कहा-एफटीए जल्द ही हो जाएगा फाइनल, 'क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप' की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और इजरायल जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को फाइनल करेंगे और टेक और इनोवेशन सेक्टर में सहयोग को गहरा करने के लिए एक क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप की स्थापना की घोषणा की। दरअसल, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ देश के दो दिन के सरकारी दौरे के हिस्से के तौर पर जॉइंट स्टेटमेंट के दौरान बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि दोनों नेताओं ने बाइलेटरल सहयोग को एक नई दिशा और तेज रफ्तार देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, आज की मीटिंग में, हमने अपने सहयोग को एक नई दिशा और तेज रफ्तार देने पर चर्चा की। हमारा इकोनॉमिक सहयोग ग्रोथ, इनोवेशन और साझा खुशहाली का इंजन है। आपसी इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए, हमने पिछले साल एक बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट किया था। हम जल्द ही एक आपसी फायदे वाले फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को भी फाइनल करेंगे।

टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सहयोग पर बढ़ते फोकस पर जोर देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी दोनों देशों के बीच भविष्य की पार्टनरशिप का कोर बनेगी। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी हमारी भविष्य की पार्टनरशिप का कोर है। आज, हमने एक 'क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप' बनाने का फैसला किया है। इससे एआई, क्वांटम और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे एरिया में सहयोग को नई रफ्तार मिलेगी। भारत-इजराइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला राउंड सोमवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ और आज तक चलेगा। इससे पहले केंद्रीय कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने मंगलवार को एफटीए बातचीत के पहले राउंड के लिए भारत में इजरायल के एक डेलीगेशन से मुलाकात की। नवंबर 2025 में पीयूष गोयल के दौरे के दौरान, भारत और इजरायल के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बातचीत शुरू करने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर साइन किए गए थे।

## मौसम : प्रदेश में दूसरे दिन भी पारा 36° पहुंचा

### तापमान सामान्य से ऊपर, अगले एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में सूरज की तपिश बढ़ने के साथ ही गर्मी तेज होने लगी। लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। बुधवार को पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकांश शहरों का तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

रात में भी कई शहरों का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले एक सप्ताह आसमान साफ रहने, तेज धूप के साथ तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में पश्चिमी जिलों में सामान्य से ज्यादा गर्मी रही। जैसलमेर, जोधपुर, पाली, बीकानेर, बाड़मेर, जालोर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। बाड़मेर में बुधवार अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। दिन में तेज गर्मी के बाद सुबह-शाम की हल्की सर्दी भी गायब हो गई। जयपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 18.2, बाड़मेर में 19.6, बीकानेर में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। डूंगरपुर में 17.8, प्रतापगढ़ में 17.1, चित्तौड़गढ़, उदयपुर में 16.6, जैसलमेर में 16.3 और जोधपुर में 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले नेता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

ट्रम्प 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फॉलोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फॉलोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं।

## घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई सरकार का दृढ़ संकल्पः अमित शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को घुसपैठियों से मुक्त कराना कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें भारत की भूमि से बाहर किया जाएगा और इस दिशा में ठोस कार्रवाई जल्द शुरू होगी।

### अररिया में कार्यक्रम और सीमा सुदृढ़ीकरण

अमित शाह ने बिहार के अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटी' और 'इंदरवा' के उद्घाटन तथा सशस्त्र सीमा बल के विभिन्न कार्यों के ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर लंबी बॉर्डर रोड को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 18 में से 14 खंडों का कार्य पूरा हो चुका है और शेष चार खंडों में काम तेजी से चल रहा है।

### सीमा सुरक्षा और निगरानी पर जोर

उन्होंने कहा कि सड़क परियोजना पूरी होने से सीमा पर निगरानी क्षमता बढ़ेगी और नागरिकों की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। विकास योजनाओं को अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी इससे मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने सशस्त्र सीमा बल की सराहना करते हुए कहा कि मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना आवश्यक है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों और अधिकारियों से सीमांत गांवों के साथ बेहतर संवाद और संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि समय पर सटीक सूचनाएं मिल सकें और देशविरोधी तत्वों की घुसपैठ रोकी जा सके।

## वैश्विक नेता बनने के लिए राष्ट्र को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति पानी होगी : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचारों के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए देश को अपनी औपनिवेशिक मानसिकता त्यागनी होगी। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस पर नियंत्रण रखना होगा। सोशल मीडिया आपको जीवन में अधिक सफल होने में मदद नहीं करेगा। हर चीज की अपनी सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्नातक छात्र के रूप में मैं आप सभी से स्वदेशी नवाचार और भारतीय ज्ञान, संसाधनों और आवश्यकताओं पर आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। हमें चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, हमें हीन होने की आवश्यकता नहीं है। हमें सबसे पहले अपनी औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में उद्यमशीलता के माहौल को पहले से कहीं अधिक जीवंत और सहायक बनाया है।

### देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का किया आह्वान

कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का आह्वान किया है। हममें से कितने लोगों ने इस पर विश्वास किया था? लेकिन हमने सबसे बेहतरीन टीका खोज लिया है और यह पूरी मानवता के लिए बहुत कारगर साबित हुआ है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इसी टीके पर सबसे विकसित पश्चिमी देशों ने भी शोध और विकास किया है, लेकिन वे सभी इसे पेटेंट कराने में पीछे रह गए, ताकि वे इसे ऊंची कीमत पर बेच सकें।

उन्होंने कहा कि एक टीका 7,500 अमेरिकी डॉलर में बिक सकता है, लेकिन एक गरीब आदमी इसे कैसे खरीद सकता है? उन्होंने कहा कि भारतीय नवाचारों को पश्चिमी दुनिया में भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया आपके लिए खुली है, यह आपकी पहल है, आपकी रुचि है, आपका उत्साह है और आपकी मेहनत आपको दुनिया के शिखर पर पहुंचाएगी।

राधाकृष्णन ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने 1600 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास और विस्तार को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि पर्यटन का विस्तार किया जाना है, लेकिन इसे हमारे महान राज्य के पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित किए बिना किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि चिनाब नदी पर बना रेल पुल एक चमत्कार है जो सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। उन्होंने कहा कि कई अन्य अवसंरचना परियोजनाएं हैं जो एक बड़ा संदेश देती हैं। ये परियोजनाएं इंजीनियरिंग उपलब्धियों से कहीं अधिक हैं। ये सामाजिक सद्भाव के साधन हैं। जब स्थान जुड़ते हैं तो लोग जुड़ते हैं। और जब लोग जुड़ते हैं तो दिल आपस में जुड़ते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये पहलें आज स्नातक हो रहे युवाओं जैसे युवाओं के लिए नए अवसर भी पैदा करती हैं।

## अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस
### बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज, घर-ऑफिस पर सीबीआई का छापा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने साल 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। बैंक की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की, जहां से लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले अनिल अंबानी आज एक अन्य मामले में श्रष्ठ के सामने पेश हुए, जांच एजेंसी ने उनसे करीब 9 घंटे पूछताछ की। वह कल फिर पेश होंगे। सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।